
आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

• वर्ष- 15 अंक-115 कटनी • शुक्रवार, 28 मई, 2021 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष -2 • विक्रम संवत् 2078 शके 1935

### सुशांत का दोस्त सिद्धार्थ गिरफ्तार



सुशांत सिंह राजपूत से जुड़े ड्रग्स मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने सिद्धार्थ पिठानी को गिरफ्तार किया है। पिठानी को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने हैदराबाद से गिरफ्तार किया। एनसीबी की एक टीम सिद्धार्थ पिठानी को मुंबई ला रही है, जहां उससे पूछताछ की जाएगी। सुशांत के निधन के बाद उनकी जिंदगी से जुड़े कई लोगों का नाम सामने आया था। इन लोगों में एक नाम उनके दोस्त सिद्धार्थ पिठानी का भी था।

### मैच के ड्रा या टाई होने पर संयुक्त विजेता




वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल ड्रॉ या टाई होने पर किसे विजेता घोषित किया जाएगा? अब इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने इस सवाल का जवाब दे दिया है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच साउथहैंप्टन में 18 से 22 जून तक वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेला जाएगा। आईसीसी ने बताया कि अगर यह मैच ड्रॉ या टाई होगा तो भारत और न्यूजीलैंड दोनों को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया जाएगा।

# गिरफ्तारी से बचने हाथ-पैर में ठोंक लीं कील

## फिर लगा दिया पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप, जांच में सच्चाई आई सामने, एक व्यक्ति भी इसमें शामिल

**बरेली।** पुलिस पर अपने हाथ-पैर में कील ठोक देने का आरोप लगाने वाले युवक ने अब कुबूल किया है कि गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने यह काम खुद किया था। पुलिस ने उसके इस बयान का वीडियो बनाकर जारी किया है। इसके साथ उसके खिलाफ कार्रवाई करने की भी तैयारी कर रही है। जोगीनवादा में रहने वाला रंजीत बुधवार को अपनी मां शीला के साथ एसएसपी ऑफिस पहुंचा था। एसएसपी के सामने उसने आरोप लगाया कि 24 मई की रात मास्क न लगाने की वजह से जोगीनवादा चौकी की पुलिस ने उसे पकड़ा और फिर उसके हाथ-पैर में कील ठोक दीं।एसएसपी ने मामले की जांच कराई तो पता चला कि रंजीत पुलिसकर्मी से मारपीट करके भागा था जिसकी रिपोर्ट भी दर्ज है। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह पुलिस पर हाथ-पैर में कील ठोकने का आरोप



लगा रहा है।पुलिस ने बृहस्पतिवार को जांच की तो पता चला कि सिपाही से मारपीट के बाद रंजीत जोगीनवादा में ही मैसर के जरी कारखाने पर पहुंचा था जहां उसने खुद ही एक व्यक्ति से अपने हाथ और पैर में कील ठुकवाई थी।

उन लोगों ने इसके फोटो खींच लिए और पुलिस को दे दिए। पुलिस ने यह फोटो रंजीत को दिखाए तो उसने कुबूल कर लिया कि अपने हाथ-पैर में कीलें खुद उसने ठुकवाई थीं।

पुलिस ने उसके कुबूलनामे का वीडियो बनाकर भी सार्वजनिक किया है। इसके साथ रंजीत के खिलाफ कार्रवाई की भी तैयारी कर रही है।

### कील मंगवाओ ठोंक कर दिखाता हूं

रंजीत ने बताया कि उसने उलटे पांव के अंगूठे और अंगुली में कील फंसाकर अपने हाथ में ठोकी थी। इस पर एसएसपी ने आश्चर्य जताते हुए उससे पूछा कि उसे क्या दर्द नहीं हुआ तो वह बोला, कील मंगवाओ अभी फिर ठोककर दिखा सकता हूं।

रंजीत ने पुलिस पर जो आरोप लगाए थे, वे झूठे पाए गए हैं। रंजीत ने खुद ही कील ठोकने की बात स्वीकार कर ली है। उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

*- रोहित सिंह सजवाण, एसएसपी*

# जहरीली शराब से 8 की मौत




**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में एक बार फिर से जहरीली शराब ने कहर बरपाया है। दो ट्रक ड्राइवर समेत आठ लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। इनमें से कई की आंखों की रोशनी जाने की बात सामने आ रही है। वहीं, प्रशासन का कहना है कि छह लोगों की मौत शराब से हुई है, जबकि दो लोगों का कारण पोस्टमार्टम के बाद स्पष्ट होगा। वहीं, सीएम ने मामले का संज्ञान लिया है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा अलीगढ़ के जवां थाना इलाके के गांव छेरत में भी तीन लोगों की मौत की सूचना है। परिजनों ने शराब पीने से मौत का आरोप लगाया है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और जांच में जुटी। पोस्टमार्टम कराने की तैयारी है। करसुआ और अंडला गांव में एक ही ठेकेदार के दो छोटे ठेके हैं। गुरुवार को लोगों ने यहां से शराब खरीदकर पी थी। अचानक लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी।

## फटाफट खबरें

### प्रेमिकाओं को लेकर भिड़े ठेकेदार ,पार्टनर ने पिस्टल अड़ा दी

**इंदौर।** प्रेमिकाओं को लेकर मजाक करना दो ठेकेदारों में झगड़े की वजह बन गया। गुस्साए इदरीस खान(ठेकेदार) ने पार्टनर बबलू ठाकुर (ठेकेदार) की पिटाई कर दी। कनपटी पर पिस्टल अड़ाई और गोली मारने की धमकी दी। घटना से दुखी बबलू ने पेट्रोल डालकर थाना के समीप आग लगा दी। बाणगंगा थाना टीआइ राजेंद्र सोनी के मुताबिक कृष्णबाग कॉलोनी निवासी बबलू पुत्र तनयसिंह ठाकुर की शिकायत पर इदरीश निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी व उसके साथियों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। बबलू ने बयानों में बताया दोनों पार्टनर हैं और उनकी देखरेख में कनाड़िया क्षेत्र स्थित जलोटा में निर्माण कार्य चल रहा है।

### 2डीजी दवा की कीमत 990 रुपये पर छूट के साथ मिलेगी

**नई दिल्ली।** डीआरडीओ की ओर से बनाई गई कोरोना की दवा 2डीजी की कीमत 990 रुपये तय की गई है। वहीं सरकारी सूत्रों ने जानकारी दी कि यह दवा को सरकारी अस्पताल, केंद्र और राज्य सरकारों को छूट के साथ दी जाएगी।

### एमपी में तपिश बनी रहेगी पर बारिश के भी बन रहे आसार



**भोपाल।** बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान यास कमजोर पड़ने लगा है। यास शुक्रवार को और कमजोर होकर ऊपरी हवा के चक्रवात के रूप में बिहार और उसके आसपास पहुंचने की संभावना है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक इस तूफान से मध्यप्रदेश पर विशेष असर नहीं पड़ने से शुक्रवार को भी तापमान बढ़ा हुआ ही रहेगा। उधर अरब सागर से मिल रही नमी के कारण मालवा,निमाड़ में कहीं-कहीं बौछारें पड़ रही हैं। मध्यप्रदेश पर एक द्रोणिका लाइन बनने के संकेत मिले हैं। इसके प्रभाव से शनिवार को भोपाल, इंदौर, होशंगाबाद, जबलपुर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बौछारें पड़ने की संभावना भी है। उधर गुरूवार को प्रदेश में सबसे अधिक 43 डिग्रीसेल्सियस तापमान रायसेन और श्योपुरकला में दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान के मुताबिक नौतपा के तीसरे दिन गुरूवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 40.9 डिग्रीसे. दर्ज किया गया। जो सामान्य रहा। साथ ही बुधवार के अधिकतम तापमान (40.8 डिग्रीसे.) था।




**मौतों का आंकड़ा अब भी 3000 के ऊपर**

# कोरोना वायरस के 1.86 लाख मामले, 44 दिनों में सबसे कम

## 13 अप्रैल के बाद मिली राहत, इस दौर में सबसे अधिक मौतें कर्नाटक में

**नई दिल्ली।**

देश में गुरुवार को कोरोना वायरस के 1,86,163 मामले सामने आए हैं। 44 दिनों में ये सबसे कम आंकड़ा है। हालांकि मौतों का आंकड़ा अब भी 3000 के ऊपर बना हुआ है। सबसे अधिक मौत कर्नाटक में हुई है, दूसरे नंबर पर तमिलनाडु है। हफ्ते में ये दूसरी बार है जब संक्रमण का आंकड़े दो लाख से कम रहा है। सोमवार को पहली बार दो लाख से कम मामले सामने आए थे। पिछली बार 13 अप्रैल को सबसे कम 1,85,295 मामले सामने आए थे।



**कहां कितनी मौतें**

पिछले 24 घंटे के दौरान कर्नाटक में सबसे अधिक 476 की मौत हुई है जबकि तमिलनाडु में 474 लोगों ने दम तोड़ा। यूपी में 188, केरल में 181, पंजाब में 178, बंगाल में 148, दिल्ली में 117 और आंध्र प्रदेश में 104 लोगों की मौत हुई।

**महाराष्ट्र में 21,273 नए मामले सामने**

महाराष्ट्र में बृहस्पतिवार को कोविड-19 के 21,273 नए मामले सामने आए, जिससे राज्य में संक्रमण के कुल मामले बढ़कर 56,72,180 हो गए, जबकि 425 मरीजों की मौत होने से राज्य में इस महामारी से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 92,225 हो गई। स्वास्थ्य विभाग ने यह जानकारी दी।

विभाग के मुताबिक 425 मौत के मामलों में से 267 मौत पिछले 48 घंटे के दौरान हुई हैं जबकि 158 मौत के मामले पिछले सप्ताह आए थे। इसके अलावा मृतकों की संख्या में 459 का और इजाफा हुआ है। ये आंकड़े विभिन्न नगर पालिकाओं और जिलों की ओर से जारी किए जाने के बाद जोड़े गए हैं। यानी मौत के आंकड़े में बुधवार के मुकाबले कुल 884 का इजाफा हुआ है।

**जर्मनी में बच्चों को वैक्सीन की मंजूरी**

देश और दुनिया में कोरोना महामारी को खत्म करने के लिए टीकाकरण अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। अभी तक वयस्क लोगों को ही कोरोना का टीका लगाया जा रहा था, लेकिन अब अमेरिका सहित दुनिया के कई और देशों में बच्चों को फाइजर की वैक्सीन लगाई जा रही है। इस बीच जर्मनी से भी अच्छी खबर आई है।यहां अब बच्चों को भी अगले माह से वैक्सीन लगाई जाएगी। जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल ने जानकारी दी कि सात जून से कोरोना की वैक्सीन 12 से 15 साल के बच्चों को भी लगाई जाएगी।

### सरकार को कोरोना समझ नहीं आया- राहुल



आज कांग्रेस सांसद राहुल गांधी कोरोना के मुद्दे को लेकर मीडिया को संबोधित कर रहे हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राहुल गांधी मीडिया को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर हमला बोला और कहा कि केंद्र सरकार को अभी तक कोरोना समझ नहीं आया है। राहुल गांधी ने कहा कि लॉकडाउन कोरोना का स्थायी समाधान नहीं है। राहुल गांधी ने कहा कि अगर कोरोना को रोकने का कोई स्थायी समाधान है तो वो है सिर्फ वैक्सीनेशन। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा कि आपके काम करने के तरीके से लाखों लोगों की मौत हुई है, इसलिए अपने काम करने के तरीके को बदलें। कोरोना सिर्फ एक बीमारी नहीं है, कोरोना एक बदलती हुई बीमारी है। आप इसको जितना समय और जगह देंगे ये उतना खतरनाक बनता जाएगा

### मध्य प्रदेश में संक्रमण पर नियंत्रण, 20 हजार 565 पंचायतें कोरोनामुक्त

प्रदेश में कोरोना संक्रमण तेजी से नियंत्रित हो रहा है। 22 हजार 813 पंचायतों में से 20 हजार 565 कोरोनोमुक्त हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में संक्रमण की रोकथाम के लिए चलाया गया किल कोरोना अभियान जारी रहे। अधिक से अधिक जांच कराएं। जहां भी संक्रमण के मामले आएं, उस क्षेत्र को माइक्रो कंटेनमेंट जोन बनाकर एक-एक मरीज की पहचान की जाए। अब प्रयास यह होने चाहिए कि तीसरी लहर ही न आए। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना नियंत्रण को लेकर समीक्षा के दौरान कही।

**इंदौर, भोपाल जबलपुर में ही सौ से ज्यादा नए मामले**

बैठक में बताया कि प्रदेश में नए प्रकरण एक हजार 977 आए हैं। साप्ताहिक संक्रमण दर चार फीसद आ गई है। पिछले 24 घंटे में 6,888 मरीज स्वस्थ हुए है। अब प्रदेश में इंदौर और भोपाल ही ऐसे जिले रह गए हैं,जहां सौ से ज्यादा नए प्रकरण सामने आए हैं। इंदौर में गुरुवार को 533 और भोपाल में 409 प्रकरण आए हैं। वहीं, जबलपुर में 115, सागर 96 तथा ग्वालियर में 51 प्रकरण आए हैं।

### 12 वीं की परीक्षा रद्द होगी या नहीं, इसका फैसला अब सोमवार को

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा को रद्द करने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई को टाल दिया गया है। यानी अब बारहवीं बोर्ड परीक्षा रद्द होगी या नहीं इसका फैसला 31 मई 2021 को आएगा। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा है कि एक जून को सरकार द्वारा कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। संभव है कि सरकार का फैसला आपके पक्ष में हो। आप आशावादी बने रहिए।



सुनवाई के दौरान जस्टिस ए एम खानविलकर और जस्टिस दिनेश माहेश्वरी की पीठ ने याचिकाकर्ता ममता शर्मा से पूछा कि क्या उन्होंने सीबीएसई और आईसीएसई के वकीलों को सुनवाई से पहले याचिका की प्रति दी थी? ममता शर्मा ने जवाब में कहा कि वह आज वकीलों को एडवांस कॉपी भेजेंगी।

### अब टैक्स फ्री हो सकती हैं कोरोना वैक्सीन और दवा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।**

देश में कोरोना महामारी का सामना करने के लिए लोगों को बड़ी राहत दे सकती है। सरकार आच जीएसटी काउंससिल की बैठक में कोरोना वैक्सीन और कोरोना दवा को जीएसटी के दायरे से हटाने पर फैसला ले सकती है। गौरतलब कि कोरोना के इलाज के जरूरी दवाओं, उत्पादों, उपकरणों और वैक्सीन को जीएसटी दायरे से हटाने का प्रस्ताव कई राज्य सरकारों ने दिया है। आज होने वाली



जीएसटी काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण करेगी। आज होने वाली बैठक को लेकर राज्य सरकारों ने उम्मीद जताई है कि केंद्र सरकार कोरोना के इलाज के लिए जरूरी दवाओं, उत्पादों और वैक्सीन को जीएसटी दायरे से हटा कर राहत दे सकती है।

**जारी है तूफान यास का कहर**

### बिहार-झारखंड में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात

**नई दिल्ली।** चक्र वात तूफान यास भले ही पश्चिम बंगाल और ओडिशा में कमजोर पड़ गया हो, लेकिन बारिश और आंधी अब भी कई राज्यों में तबाही मचा रखी है।



झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश में बारिश जारी है। इन राज्यों में गुरुवार की रात से भीषण बारिश और तेज रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। साथ ही कई जगहों पर बड़े-बड़े पेड़ और आकाशीय बिजली गिरने से मौत होने की खबर है। वहीं बारिश और आंधी की वजह से बिजली सप्लाई पूरी तरह से ठप हो गई है। भारी बारिश और तेज हवाओं के चलते बिहार में बिजल संकट और गहरा गया है। इन राज्यों में हवाई यात्रा भी बाधित रही। मौसम विभाग ने बिहार और इससे सटे पूर्वी उत्तर प्रदेश में 48 घंटों तक हल्की से मध्यम बारिश होने की आशंका जताई है।

### उधमपुर की केमिकल फैक्टरी में लगी आग, सेना बुलाई गई

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में एक केमिकल फैक्टरी में कल देर रात आग लग गई। देखते ही देखते आग इतनी भयानक हो गई कि भारतीय वायुसेना को बुलाना पड़ा। अभी आग को काबू करने का प्रयास चल रहा है। भारतीय वायु सेना के वारंट अधिकारी दलबीर बहल ने बताया कि दो घंटे हो गए हैं और हम आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। अभी यह कहना कठिन है कि आग बुझाने में कितना समय लगेगा। बता दें कि जम्मू संभाग में उधमपुर शहर के साथ लगते बट्टल-बालियां इलाके में गुरुवार रात को अचानक केमिकल फैक्टरी में आग लग गई।

### केजरीवाल पर तिरंगे के अपमान का आरोप



**नई दिल्ली।** केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपराज्यपाल अनिल बैजल को चिट्ठी लिखकर तिरंगे के अपमान की शिकायत की है। प्रहलाद पटेल ने अपनी चिट्ठी में जिक्र किया है कि दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान तिरंगे झंडे को सजावट के सामान के रूप में इस्तेमाल किया साथ ही उसे इस तरह से लगाया कि सिर्फ उसका हरा रंग ही दिखाई दे रहा था। केंद्रीय मंत्री ने अपने पत्र में लिखा है कि वह पत्र राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान की हम सबकी जिम्मेवारी के उत्तरदायित्व को ध्यान में रखते हुए लिख रहे हैं। केजरीवाल जब भी टीवी पर संबोधन के लिए आते हैं तो उनका ध्यान बेबस ही तिरंगे पर चला जाता है। क्योंकि वह उन्हें देश की गरिमा एवं संवैधानिक स्वरूप से भिन्न प्रतीत होता है। बीच में सफेद हिस्से को कम करके हरे हिस्से को जोड़ दिया गया लगता है जो भारत सरकार गृह मंत्रालय के द्वारा निर्दिष्ट भारतीय झंडा संहित में दिए गए मानकों के खिलाफ है।

### चोकसी को टॉर्चर के बाद एंटीगुआ से अपहरण कर ले जाया गया !

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।**

भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के वकील विजय अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि उसके मुवक्किल को कोई (भारतीय एजेंसियों का नाम लिए बिना इशारा करते हुए) जबरन एंटीगुआ से अपहरण कर डोमिनिका ले गया। साथ ही उसे टॉर्चर भी किया गया है, जिसके निशान चोकसी के शरीर पर मिले हैं। चोकसी भारत सरकार के दबाव पर इंटरपोल की तरफ से येलो नोटिस जारी होने के बाद एंटीगुआ व बारबुडा से कुछ दिन



पहले फरार हो गया था। उसे बुधवार को एंटीगुआ के पड़ोसी द्वीपीय देश डोमिनिका में पकड़ लिया गया था। वकील अग्रवाल ने कहा, मैं कह रहा हूं कि चोकसी के शरीर पर टॉर्चर करने के निशान हैं। वकील ने चोकसी का अपहरण का दावा करते हुए कहा कि उसे एंटीगुआ कुछ लोगों ने जबरन अगवा कर लिया था।

**रिपोर्ट में बताया गया था मृतकों की संख्या आधिकारिक आंकड़े से कहीं अधिक**

# मौतों को लेकर न्यूयॉर्क टाइम्स के दावों को केंद्र सरकार ने किया खारिज

**नई दिल्ली ।** भारत में कोरोना संक्रमितों की संख्या और मौत पर न्यूयॉर्क टाइम्स के दावे को सरकार ने खारिज कर दिया। सरकार के अनुसार, रिपोर्ट का कोई प्रामाणिक आधार नहीं है। रिपोर्ट पूरी तरह से आधारहीन है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि रिपोर्ट पूरी तरह से झूठ और 'विकृत अनुमान' पर आधारित है। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि हरसंभव कटौती के बाद संभावित संक्रमितों की संख्या 40.42 करोड़ होगी, जबकि संभावित मौतों का आंकड़ा 6,00,000 होगा। वहीं, अगर और अधिक संभावित स्थिति की बात करें तो संभावित संक्रमितों का आंकड़ा 53.9 करोड़ होगा, जबकि मौतों का आंकड़ा 16 लाख होगा। वहीं, सबसे खराब स्थिति में संभावित संक्रमितों का आंकड़ा 70.07 करोड़ होगा, जबकि मौतों का आंकड़ा 42 लाख होगा। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट को खारिज करते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय में संयुक्त स्वास्थ्य सचिव लव अग्रवाल ने कहा कि आंकड़ों को छिपाने का कोई प्रश्न ही नहीं



उठता। मामले की शुरुआत से ही हमारी कोशिश थी कि सारे मामलों और मौतों के आंकड़ों में पारदर्शिता बरती जाए ताकि हमें सही स्थिति का पता चले और उसके अनुरूप कदम उठाए जा सकें। वहीं, नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वीके पॉल ने कहा कि रिपोर्ट 'विकृत आंकड़ों' पर आधारित है। बता दें कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अमेरिकी अखबार 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की खबर का हवाला देते हुए बुधवार को ट्वीट किया था, 'आंकड़े झूठ नहीं बोलते, भारत सरकार बोलती है। वहीं प्रियंका गांधी ने भी इसी खबर को लेकर ट्वीट कर कहा, 'हम कभी नहीं जान पाएंगे कि कोविड से मरने वालों की वास्तविक संख्या क्या है क्योंकि सरकार ने महामारी से लड़ने से ज्यादा आंकड़े दबाने के लिए बहुत मेहनत की है।' राहुल गांधी के ट्वीट पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने पलटवार किया था। उन्होंने कहा था, लाशों पर राजनीति, कांग्रेस स्टाइल ! पेड़ों पर से गिद्ध भले ही लुप्त हो रहे हों, लेकिन लगता है उनकी ऊर्जा धरती के गिद्धों में समाहित हो रही है। राहुल गांधी जी को दिल्ली से अधिक न्यूयॉर्क पर भरोसा है। लाशों पर राजनीति करना कोई धरती के गिद्धों से सीखे।


# कैसे पहुंचे सिटी अस्पताल तक खाकी के हाथ








## प्राइम टाइम विद आशीष शुक्ला में नकली रेमडेसीविर इंजेक्शन मामले में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा से वार्ता







**जबलपुर,यशभारत। कोरोना का आज में नकली रेमडेसीविर इंजेक्शन मामला किसी चुनौती से कम नहीं था गुजरात पुलिस से अहम जानकारियां हासिल होने के बाद जबलपुर से जुड़े रसूखदार के खिलाफ साक्ष्य जुटाना भी एक बड़ी चुनौती था लेकिन खाकी द्वारा अथक मेहनत और सूक्ष्मता से मामले की जांच कर न केवल रहस्यों से पर्दा उठाया बल्कि इसमें जुड़े सारे अपराधियों को भी सींखचों के पीछे पहुंचाया। प्राइम टाइम विद आशीष शुक्ला में आज हम जबलपुर के इस बहुचर्चित मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा से जानकारी लेने पहुंचे। जिन्होंने हमें मामले से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां वार्ता के दौरान हमसे साझा की।**

### गुजरात पुलिस से मिले लिंक

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने बताया कि इस पूरे मामले के खुलासे के पीछे गुजरात पुलिस का अहम योगदान है। जिनके माध्यम से हमें नकली रेमडेसिवर इंजेक्शन की जानकारी लगी। गुजरात पुलिस द्वारा जब पुनीत शाह और कौशल गोरा की गिरफ्तारी की गई तो गुजरात में चल रहे नकली रेमडेसिवर इंजेक्शन का भंडा फूटा।

### सुनील मिश्रा से आया सिटी हॉस्पिटल का नाम

गुजरात पुलिस द्वारा रीवा निवासी व इंदौर में रह रहे, सुनील मिश्रा की गिरफ्तारी की गई तो उससे पूछताछ में सिटी हॉस्पिटल में फार्मासिस्ट देवेश चौरसिया का नाम सामने आया। जिसके बाद जिला प्रशासन द्वारा मामले को जांच में लिया, जिसमें यह बात सामने आई देवेश चौरसिया ने दवा विक्रेता सपन जैन से 5 सौ नकली रेमडेसिवर इंजेक्शन मंगाए थे।

### 171 लोगों को लगे 209 नकली इंजेक्शन

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने जानकारी देते हुए बताया कि सिटी अस्पताल द्वारा नकली रेमडेसिवर इंजेक्शन मंगाए जाने के बाद यहां इलाजरत् 171 मरीजों को 209 नकली रेमडेसिवर इंजेक्शन लगाए गए जिसके चलते 9 लोगों की मौत हुई है।



### पत्नी वह मैनेजर सोनिया ने नष्ट किए इंजेक्शन

मोखा की पत्नी मैनेजर सोनिया की गिरफ्तारी की वजह को लेकर पुलिस अधीक्षक श्री बहुगुणा का कहना है कि इन लोगों के द्वारा नकली रेमडेसिवर इंजेक्शन नष्ट करना पाया गया है। लगभग 2 सौ नकली इंजेक्शन, इनके द्वारा नष्ट किए गए। पुलिस पूछताछ में यह जानकारी सामने आने के बाद इसकी पुष्टि आरोपियों द्वारा की गई और मौके से साक्ष्य भी बरामद किए गए।

### दस्तावेज नष्ट करने का प्रयास

श्री बहुगुणा ने बताया कि सिटी अस्पताल द्वारा नकली रेमडेसिवर इंजेक्शन के मामले का भंडाफोड़ होने के बाद अस्पताल संचालक सरबजीत सिंह नोखा ने अस्पताल के दस्तावेजों को नष्ट करने व उसमें हेर फेर करने की भी कोशिश की थी। एसआईटी ने मैनेजर सोनिया और दिवेश चौरसिया से पूछताछ की तो उन्होंने यह अहम खुलासा किया कि मौका द्वारा दस्तावेजों का हेर फेर किया था।

### राकेश शर्मा का भी अहम रोल

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक जबलपुर पुलिस द्वारा सरबजीत सिंह मोखा के साथ उनकी पत्नी, बेटे और अस्पताल की मैनेजर सोनिया, देवेश चौरसिया के साथ राकेश शर्मा की भी गिरफ्तारी हुई है। इन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि राकेश शर्मा ने ही इंदौर में पैसे पहुंचाए और नकली इंजेक्शन जबलपुर तक मंगाने की पूरी व्यवस्था की।

### कोरोना के साथ जांच बनी चुनौती

श्री बहुगुणा ने बताया नकली रेमडेसिवर इंजेक्शन के रहस्योद्घाटन के बाद, सिटी अस्पताल का नाम सामने आया जहां बड़ी संख्या में कोरोना से संक्रमित मरीज अपना इलाज करवा रहे थे। ऐसे में साक्ष्य जुटाना बड़ी चुनौती था। लेकिन जबलपुर द्वारा गठित एसआईटी टीम ने अपनी सूक्ष्म जांच कर न केवल नकली रेमडेसिवर इंजेक्शन की बरामदगी की बल्कि सारी कड़ियों को जोड़ते हुए मामले से जुड़े सारे आरोपियों को बेनकाब किया।

### अस्पताल को थी नकली होने की जानकारी

श्री बहुगुणा ने कहा कि हालांकि यह अभी जांच का विषय है लेकिन अभी तक आरोपियों से बातचीत में इस बात की पुष्टि होती है, कि आरोपियों को इंजेक्शन के नकली होने की जानकारी पहले से थी। जिसके चलते उसे नष्ट करने का प्रयास किया गया। श्री बहुगुणा बताते हैं, टूटी हुई बोतल जो जांच के दौरान मिली है वह स्वयं गवाही दे रही हैं कि साक्ष्यों को छुपाने का प्रयास किया गया था।

### कालाबाजारियों पर लगाई लगाम

मामले में रसूखदार लोगों के नाम सामने आने के बाद यह मामला पुलिस के लिए चुनौती बन गया था। दबाव को सिरे से नकारते हुए, पुलिस अधीक्षक बहुगुणा कहते हैं कि इस मामले में प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान सहित पुलिस के आला अधिकारियों का सख्त निर्देश था कि कालाबाजारीयों को किसी भी तरह से नहीं छोड़ना है और जबलपुर पुलिस द्वारा अभी तक 8 आरोपियों पर एनएसए की कार्रवाई की है जो कालाबाजारी में संलिप्त रहे।

### शिकायतें प्राप्त होना जारी

मामले में पीड़ितों द्वारा की गई शिकायतों के विषय में जब जानकारी ली गई सो एसपी श्री बहुगुणा ने बताया कि अभी तक कुछ शिकायतें उन्हें लिखित में प्राप्त हुई है। वही टीम द्वारा स्वयं जाकर मरीजों के परिजनों के बयान भी दर्ज किए हैं। जिनकी जांच सूक्ष्मता से की जा रही है ,क्योंकि पुलिस द्वारा स्वयं ही परिजनों के पास पहुंचकर पूछताछ कर रही है जिससे बहुत से मरीजों के परिजनों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

समूचे मामले को लेकर अधिकारियों द्वारा किए गए योगदान के विषय में श्री बहुगुणा ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राइम गोपाल खांडेल, एवं विवेचक सीएसपी अखिलेश गौर के साथ ही संबंधित थाना प्रभारियों की भूमिका भी अहम रही।

# बाहर से यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग

## स्टेशन परिसर में चलाया गया रोको टोको अभियान





**कटनी।** कोविड-19 महामारी के संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु निगम प्रशासन द्वारा रोजाना आवश्यक कदम उठाते हुए रेल्वे स्टेशन परिसर व कोविड जांच केन्द्र में रोको- टोको अभियान का संचालन किया जाकर बाहर से आनें वाले यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग की जा रही है। निगम प्रशासन द्वारा अपनी सहयोगी संस्था के सदस्यों द्वारा विगत रात्रि एवं आज प्रातः मुडवारा रेल्वे स्टेशन में तैनात कर्मचारियों के माध्यम से स्टेशन में बाहर से आनें वाले यात्रियों को क्रमबद्ध तरीके से किया जाकर थर्मल स्क्रीनिंग व यात्रा संबंधित विवरण रिकार्ड में संधारित किया गया। स्टेशन परिसर में उपस्थित यात्रियों को शासन द्वारा जारी गाईडलाईन से अवगत कराते हुए मास्क का उपयोग करनें एवं दूसरों से दो गज की दूरी बनाकर स्वयं को कोरोना संक्रमण से सुरक्षित रखनें की समझाईश दी गई। निगम की सहयोगी संस्था के सदस्यों द्वारा आज प्रातः कोविड जांच केन्द्र जैन माध्यमिक शाला पहुंचकर जांच करानें उपस्थित नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए उन्हे आवश्यक जानकारी प्रदान की जाकर संबंधित काउन्टर में क्रमबद्ध तरीके किया जाकर संक्रमण से बचाव हेतु मास्क लगानें एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कर स्वयं को एवं परिवार को संक्रमण से सुरक्षित रखनें की समझाईश दी गई।

# प्रशिक्षण के बाद दूर होगी स्वास्थ्य कर्मियों की कमी

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड भोपाल द्वारा कोविड-19 महामारी की रोकथाम के क्रम में आने वाली स्वास्थ्य कर्मियों की कमी को पूर्ण करने के लिये जॉबरोल के लिये प्रशिक्षण 1 जून से प्रारंभ किया जा रहा है। कोविड-19 बीमारी के उपचार में सहायक प्रारंभ किये जा रहे इन जॉबरोल के प्रशिक्षण के लिये आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।प्रधानमंत्री कोशल विकास योजना 3.0 केन्द्र कंपोन्ट अंतर्गत नवीन प्रारंभ किये जा रहे जॉबरोल प्रशिक्षण में एर्मजेन्सी मेडिकल टेक्नीशियन बेसिक, जनरल ड्यूटी असिस्टेन्ट, जीडीए एडवान्स क्रिटिकल केयर, होम हेल्थ एड, मेडिकल इक्विपमेन्ट टेक्नोलॉजी असिस्टेन्ट और फेल्बोटॉमिस्ट शामिल हैं। प्रशिक्षण में शामिल होने के लिये आवेदन को गूगल फॉर्म में अपनी जानकारी दर्ज कर आवेदन करना होगा। गूगल लिंक पर जाकर जानकारी दर्ज की जाएगी।







# कोरोना से मुक्ति के लिए बजरंगबली से की प्रार्थना

## लॉकडाउन के दौरान सुर्दशना प्रिंस प्रिंसेस के लिए टैलेंट शो का आयोजन



**कटनी।** गर्मी की छुट्टियां और लॉक डॉउन में बोर होते सुदर्शना प्रिंस प्रिंसेस के लिये किया टैलेंट शो का आयोजन कार्यक्रम के शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन डॉ प्रतिमा रमन ने किया। संस्था अध्यक्ष सुश्री मीरा भार्गव ने मां सरस्वती का पूजन माल्यार्पण किया। इसके पश्चात गणेश वंदना संस्था की। प्रार्थना सुदर्शना प्रिंसेस मुदिता कंडेले ने की। सरस्वती वंदना पर बहुत ही सुंदर नृत्य सुदर्शना प्रिंसेस अनाहिता राजपूत ने किया। कार्यक्रम के दसरे चरण में अतिथियों का शानदार स्वागत पुष्पगुछों से श्रीमती अनुसारावगी और विभा कंडेले ने किया। मनमोहक स्वागत नृत्य सुदर्शना प्रिसेंस रौनक सरावगी ने किया। इसके बाद सुदर्शना प्रिंसेस श्रुति सरावगी, मुदिता कंडेले के शानदार और रोचक संचालन में 3 वर्ष से लेकर 20 वर्ष तक के सभी सुदर्शना प्रिंस प्रिंसेस ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दी। 5 वर्ष के नन्हे प्रिंस सुदर्शना पुण्यांश जैन ने शेफबनाकर कुकिंग करी नन्ही प्रिंसेस आदित्री राजपूत ने तितली बनकर पर्यावरण का सुंदर सन्देश दिया। प्रिंस पार्थ ने पण्डित जी बनकर हनुमान चालीसा का पाठ किया और कोरोना मुक्ति की प्रार्थना की। प्रिसेंस शौर्या गुप्ता ने अपने हाथों से बनाये बहुत ही खूबसूरत दीपक बनाकर हस्तकला का प्रदर्शन किया ।प्रिंस अयांश कनकने ने अपने सुंदर नृत्य से मन मोह लिया। प्रिंसेस सभ्या कनकने ने बहुत सुंदर गीत प्रिंसेस श्रद्धा नाहर ने कृष्ण बन कर गीता ज्ञान सुनाया गाया। मुदिता कंदेले, श्रुति सरावगी, याशिका गुप्ता, विहान तनवानी, वंशिका शर्मा, उदिता कंडेले, अनाहिता राजपूत, नंदिता कंडेले, आलिया ढींगरा ने आदित्री राजपूत, रौनक सरावगी, पार्थ दुबे, वंशिका शर्मा, सभ्या कनकने, नंदिता कंदेले, आलिया ढींगरा ने बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी। सुदर्शना संरक्षिका श्रीमती मंजुला दिखित, श्रीमती मीना शर्मा, अलका सरावगी, सीमा जैन, सुनीता चौदहा, सीमा नाहर, रंजना बहरे, हीरामणि बरसैन्या सुनीता कनकने, श्रीमती आशा भार्गव, आशा कोहली, दीपाली गुप्ता, अनिता सिजारिया, अनीता वैश्य, रजनी कनकने, मनोरमा पाठक आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।



# राशन वितरण केन्द्रों में कोविड-19 गाईड लाईन किया जाए पालन

**कटनी।** अपर कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने राशन के वितरण केन्द्रों में कोविड-19 के गाईड लाईन्स का पालन सुनिश्चित करने के संबंध में निर्देश जारी किये हैं। श्री सिसोनिया ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जिला आपूर्ति अधिकारी और जेएसओ को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। जारी निर्देशों के तहत संबंधित अधिकारियों को अनाज वितरण के लिये टाईम टेबिल चार्ट तैयार करने के लिये कहा गया है। जिसके तहत यह सुनिश्चित किया जायेगा कि अनाज का वितरण किस दिन किया जायेगा, जिससे राशन वितरण केन्द्रों में कोविड-19 के तहत जारी गाईड लाईन् का पालन सुनिश्चित किया जा सके। वहीं भीड़ एकत्रित ना हो एवं इसकी शिकायत मिलने पर वैधानिक कार्यवाही भी सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधितों को दिये गये हैं।

# ग्रामीणों से कहा–वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित

## 188 ग्राम पंचायतों के 364 ग्रामों में पहुंचा जागरुकता रथ, ग्रामीणों को किया जागरुक

**कटनी।** जिला प्रशासन द्वारा कोरोना टीकाकरण के प्रति जनजागरुकता के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसी के तहत जिले के समस्त 6 विकासखण्डों के लिये अलग-अलग टीकाकरण जागरुकता रथ संचालित किये जा रहे हैं। यह रथ ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर कोरोना टीकाकरण के लाभ की जहां जानकारी दे रहे हैं, वहीं आम जन में टीकाकरण को लेकर व्याप्त भ्रामक सूचनाओं का निदान भी किया जा रहा है। टीकाकरण जागरुकता रथ के माध्यम से ग्रामीणों को टीकाकरण कराने का संकल्प भी दिलाया जा रहा है। अब तक जिले की 188 ग्राम पंचायतों के 364 ग्रामों मे पहुंचकर जागरुकता रथ के द्वारा कोरोना टीकाकरण और स्वच्छता के प्रति जनजागरुकता का संदेश दिया गया है। इनमें बड़वारा विकासखण्ड की 41 ग्राम पंचायतों के 68 ग्रामों में जनजागरुकता की गतिविधियां आयोजित की गई है। इसी प्रकार बहोरीबंद विकासखण्ड की 30 ग्राम पंचायतों के 55 ग्रामों, ढीमरखेड़ा विकासखण्ड की 38 ग्राम पंचायतों के 88 ग्रामों, कटनी विकासखण्ड की 32 ग्राम पंचायतों के 55 ग्रामों, रीठी विकासखण्ड के 13 ग्राम पंचायतों के 31 ग्रामों और विजयराघवगढ़ विकासखण्ड की 34 ग्राम पंचायतों के 61 ग्रामों में जनजागरुकता के माध्यम से टीकाकरण के प्रति ग्रामीणों को प्रेरित करने गतिविधियों का आयोजन रथों के माध्यम से किया गया है। इसके साथ ही रैपिड रिस्पॉन्स टीम के द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्रों में वेक्सीनेशन के प्रति ग्रामीण को जागरुक किया जा रहा है। अपने विजिट में आरआर टीम के मेम्बर ग्रामीणों को टीकाकरण के फायदे के विषय में बता रहे हैं। साथ ही उनके प्रश्नों का जवाब भी दे रहे हैं।



यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शुक्रवार, 28 मई 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## शक्तिपुंज व मेल रद्द होने से परेशान हुए यात्री

### यास तूफान का असर खत्म होते ही पटरी पर लौटी ट्रेनें

**कटनी।** उड़ीसा और पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्रों में तूफान का असर ट्रेनों पर पड़ा है। रेलवे ने इन तटीय क्षेत्रों की ओर जाने वाली ट्रेनों को रद्द कर दिया है। हावड़ा से जबलपुर के बीच कटनी साउथ स्टेशन होकर चलने वाली शक्तिपुंज और कटनी जंक्शन होकर गुजरने वाली हावडा-मुंबई मेल सुपरफास्ट मट्रेन को रद्द कर दिया है। रेलवे के मुताबिक जबलपुर से बुधवार को शंक्तिपुंज एक्सप्रेस रद्द कर रही। जिस वजह से यह ट्रेन कटनी साउथ स्टेशन से रवाना नहीं आई। इस ट्रेन में सवार होने वाले यात्रियों को 2 दिन पहले यह सूचना दे दी गई है ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी ना हो। वहीं यह ट्रेन हावड़ा से भी बुधवार और गुरूवार दोनों दिन रद्द है। जिस वजह से यह ट्रेन आज और कल कटनी साउथ स्टेशन नहीं आएगी। गाड़ी संख्या 01447 जबलपुर से हावड़ा को बुधवार को रवाना नहीं की गई। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 01448 हावड़ा से जबलपुर को बुधवार और गुरूवार को रद्द रही। यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो इसलिए उनके मोबाइल पर रद्द होने की सूचना दे दी गई है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 02322 सीएसएमटी से हावड़ा के लिए 25 मई को रद्द रही। जिस वजह से यह ट्रेन बुधवार को कटनी नहीं आई। वहीं ट्रेन 02321 हावड़ा से सीएसएमटी जाने वाली ट्रेन को बुधवार को रद्द रही। जिस वजह से यह ट्रेन गुरूवार को कटनी नहीं आई। मुंबई हावड़ा मेल में अभी भी लंबी वेटिंग लगी हुई है। मुंबई से अधिकांश यात्री यूपी, बिहार और हावड़ा की तरफ जा रहे हैं।

# आयुष्मान भारत योजना : जिले के 6 निजी चिकित्सालय चिन्हित

**पात्र हितग्राहियों को एक वर्ष में 5 लाख तक का मिलेगा उपचार**

**कटनी।** आयुष्मान भारत 'निरामयम'् योजना के तहत प्रत्येक चिन्हित परिवार को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य लाभ का प्रावधान है। इस संबंध में जिले के नागरिक अधिक जानकारी के लिये निजी चिकित्सालयों में उपलब्ध आयुष्मान मित्र से मिल सकते हैं। आयुष्मान भारत योजना के लिये आवश्यक दस्तावेजों में परिवार समग्र आईडी, राष्ट्रीय खाद्य पर्ची, राशन कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र या अन्य कोई सरकार फोटो पहचान पत्र शामिल हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रदीप मुढ़िया ने बताया कि इस योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु मरीज या नागरिक शासकीय चिकित्सालय, चिन्हित चिकित्सालय एवं अन्य हितग्राही कॉमन सर्विस सेन्टर (सीएससी) में संपर्क कर सकते हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुढ़िया ने बताया कियोजना का लाभ लेने के लिये संबंधित अस्पताल के रिसेप्शन या पर्ची काउन्टर पर उपस्थित आयुष्मान मित्र से संपर्क कर पात्रता की जांच कराई जा सकती है। पात्रता के लिये राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा पर्ची, समग्र परिवार आईडी, बीपीएल राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र या कोई अन्य सरकारी फोटो पहचान पत्र साथ में अनिवार्य उप से लायें। इस योजना के तहत परिवार के आकार, आयु या लिंग पर कोई सीमा नहीं है। यह एक पोर्टेबल योजना है यानी की लाभार्थी इसका पूरे देश में किसी भी सार्वजनिक या निजी सूचीबद्ध अस्पताल में उठा सकते हैं। इस योजना में लगभग 1574 प्रक्रियायें और पैकेज शामिल हैं जैसे की दवाईयां, आपूर्ति, नैदानिक सेवायें, चिकित्सकों की फीस, कमरे का शुल्क, ओटी और आईसीयू शुल्क इत्यादि जो मुफ्त उपलब्ध है। इस योजना के तहत पहले से मौजूद विभिन्न चिकित्सीय परिस्थितियों और गंभीर बीमारियों को पहले दिन से ही शामिल किया जाता है।

### मरीजों के लिये ये चिकित्सीय सेवाएं शामिल

सीएमएचओ डॉ. मुढ़िया ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत एमजीएम हॉस्पिटल में सामान्य दवा, बच्चो से संबंधित उपचार, नवजात शिशु का उपचार, आपातकालीन कक्ष पैकेज 12 घंटे से कम समय के देखभाल के लिये, सामान्य सर्जरी, आंख संबंधी उपचार, महिला रोग से संबंधित उपचार, हड्डियों से संबंधित उपचार, मूत्र रोग से संबंधित उपचार, तंत्रिका तंत्र, विशेष रुप से मस्तिष्क और रीढ़ की ड्डि की सर्जरी से संबंधित उपचार, प्लास्टिक सर्जरी से संबंधित उपचार, जलने से संबंधित उपचार, हृदय से संबंधित उपचार, कैंसर से संबंधित उपचार, गले और मुंह की सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है। सीएमएचओ डॉ. मुढ़िया ने बताया कि पुष्पांजलि नर्सिंग होम में पात्र हितग्राहियों के लिये सामान्य दवा, आपातकालीन कक्ष पैकेज 12 घंटे से कम समय के देखभाल के लिये, महिला रोग से संबंधित उपचार की सुविधा उपलब्ध है। सीएमएचओ डॉ. मुढ़िया ने बताया कि धर्मलोक हॉस्पिटल में सामान्य दवा, बच्चों से संबंधित उपचार, नवजात शिशु का उपचार, आपातकालीन कक्ष पैकेज 12 घंटे से कम से के देखभाल के लिये, सामान्य सर्जरी एवं महिला रोग से संबंधित उपचार सेवायें योजना के पात्र हितग्राहियों उपचार के लिये शामिल की गई है। सीएमएचओ डॉ. मुढ़िया ने बताया कि जी जी नर्सिंग होम हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र हितग्राहियों के लिये सामान्य सर्जरी, आंख संबंधी उपचार, हड्डियों से संबंधित उपचार की सेवायें नि:शुल्क उपलब्ध हैं। सीएमएचओ डॉ. मुढ़िया ने बताया कि चाण्डक हॉस्पिटल में भी सामान्य दवा, बच्चों से संबंधित उपचार, आपातकालीन कक्ष पैकेज 12 घंटे से कम समय के देखभाल के लिये, सामान्य सर्जरी, महिला रोग से संबंधित उपचार, हड्डियों से संबंधित उपचार और मूत्र रोग से संबंधित उपचार सेवा आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र हितग्राहियों के लिये नि:शुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।

**बिना मास्क और बिना कारण घूमने वाले 896 लोगों पर की कार्यवाही**

# कोरोना संक्रमण काल में मुस्तैदी से काम में जुटा बरही थाने का अमला

### कोरोना कर्फ्यू के उल्लंघन पर 19 के विरुद्ध धारा 188 के तहत की कार्यवाही, मिशन संबल के तहत 650 परिवारों को उपलब्ध कराया राशन

**कटनी।** कोरोना संक्रमण काल में बचाव और रोकथाम के लिये शासन-प्रशासन द्वारा सतत् रुप से कार्य किये जा रहे हैं। जिले में जनस्वास्थ्य की दिशा में चिकित्सीय संसाधनों को बढ़ाया जा रहा है। लोकसेवक चौबीसों घंटे किसी ना किसी रुप में अपनी सेवायें दे रहे हैं। कोरोना विपदा का यह समय विकट है। लेकिन हमारे लोक सेवकों का हौसला उससे बड़ा है। बुलंद हौसलों के साथ ऐसी ही जिम्मेदारी बरही थाने के अमले के द्वारा निभाई जा रही है। जिले में 31 मई की प्रातः 6 बजे तक के लिये कोरोना कर्फ्यू प्रभावशील है। कोरोना संक्रमण को रोकने की दिशा में कोरोना कर्फ्यू का सख्ती से पालन हो, यह अत्यंत आवश्यक है। इसके लिये पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने भी पूरे पुलिस महकमे को कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिये हैं। जिसे लेकर बरही थाने द्वारा मुस्तैदी से काम किया जा रहा है। थाना प्रभारी संदीप अयाची ने बताया कि सूचनाओं का संप्रेषण तेजी से हो सके, इसके लिये हमने कोरोना समाधान ग्रुप बनाया है। जिसमें थाना क्षेत्र के सरपंच, सचिव, कोटवार एवं गणमान्य नागरिकों को जोड़ा गया है। किसी व्यक्ति के कोरोना से संक्रमित होने या अन्य कोई परेशानी होने पर सूचना प्राप्त होते ही थाने द्वारा हर संभव मदद की जा रही है। कोरोना कर्फ्यू का कड़ाई से पालन कराते हुये अब तक बरही थाने द्वारा 896 लोगों पर चालानी कार्यवाही की गई है। इसी तरह बिना कारण घूमने वाले 49 लोगों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही भी की गई है। इसके साथ ही धारा 188 के तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले 19 व्यापारियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। बरही थाना अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के 25 वॉलेन्टियर्स को विशेष पुलिस अधिकारी के रुप में संलग्न किया गया है। जिन्हें मास्क, सैनीटाईजर, फेस शील्ड, ग्लब्ज, खाना इत्यादि वितरित किया गया है। साथ ही पुलिस कर्मियों को भी मास्क, सैनीटाईजर, फेस शील्ड इत्यादि भी उपलब्ध कराई गई है। एसपी के निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा प्रारंभ किये गये मिशन संबल के तहत 16 मई से अब तक गरीब एवं जरुरतमंद लगभग 650 परिवारों को जनसहयोग से राशन का वितरण बरही थाने की टीम ने किया है। इसमें बरही के वार्ड नंबर 1, चौधरी मोहल्ला, आदिवासी मोहल्ला, कोल मोहल्ला, झुग्गी बस्ती में बसे गरीब परिवारों को सूखा अनाज, मास्क सैनीटाईजर भी वितरित किये गये हैं। वहीं ग्राम बगदरा आदिवासी बस्ती, ग्राम मचमचा आदिवासी बस्ती, कन्नौर, करौंदी खुर्द, हरतला, मिडरा, मेड़की, खितौली ग्रामों में भी ग्रामीणों को सूखा अनाज सहित सब्जियों का भी वितरण थाने के अमले द्वारा किया गया है।



### मजूदरी का कराया भुगतान


कोरोना कर्फ्यू के दौरान कन्नौर ग्राम निवासी अनिल कोल एवं उसकी मां झुग्गी कोल के मजदूरी का ठेकेदार द्वारा भुगतान नहीं करने पर थाने द्वारा संबंधित को मजदूरी के 13 हजार रुपये भी दिलाये गये। थाना बरही के ही वार्ड नंबर 3 रज्जू बर्मन उम्र 18 वर्ष के निधन पर परिवार को 3 हजार रुपये की अर्थिक सहायता भी दिलाई गई है। ग्राम बुजबुजा में गोपी चौधरी, सुनील चौधरी के घर पर माता पिता ना होने पर उन्हें भी खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया है। बरही के गोकुल यादव के यहां उसके पिता की बीमारी से मृत्यु होने पर 2 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वयं के माध्यम से और अनाज भी उपलब्ध कराया गया है। ग्राम मेढ़की में अतिगरीब 15 बुजुर्ग महिलाओं के सहयोग के लिये थाने की टीम ने आगे कदम बढ़ाते हुये उन्हें साड़ियों का वितरिण किया है। बरही पुलिस द्वारा कोरोना कर्फ्यू के दौरान किसी भी नागरिक के साथ मारपीट, अभद्रता नहीं की गई है। जनसेवा की दृष्टि से भी थाने द्वारा विशेष प्रयास किये गये हैं।

## जल्द शुरू होगी आरटीई की प्रक्रिया

### अभिभावक कल्याण संघ ने कहा-दस्तावेजों में सुधार करवा लें अभिभावक

**कटनी।** अभिभावक कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष रूपेश पहारिया ने बताया कि नि:शुल्क शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई के तहत 2021-2022 के लिए जल्द ही बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने वाली है। शिक्षा विभाग द्वारा जल्द ही इसके लिए तारीखों की घोषणा की जा सकती है। उन्होंने जिले के अभिभावकों से अपील की है कि सभी अभिभावक अपने-अपने बच्चों के दस्तावेज में जो भी गलतियां हो, उनमे जल्द से जल्द सुधार कार्य करवा लें। बच्चों के आधार कार्ड में मोबाइल नम्बर अपडेट करवा लें। रूपेश पहारिया ने बताया कि प्राइवेट स्कूलों में आरटीई के तहत एडमिशन के लिए जो दस्तावेज अटैच किए जाते हैं, उसमे जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज की फोटो, परिवार की समग्र आईडी, गरीबी रेखा का राशन कार्ड, अभिभावक का आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र एवं मजदूरी कार्ड शामिल है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि ये सभी दस्तावेज एकत्रित करके रखें और जैसे ही आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो, वैसे ही निर्धारित प्रपत्र में आवेदन जमा कर सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए इस मोबाइल नंबर 8085037577पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## लॉकडाउन में गरीबों को हर दिन बांट रहे भोजन





**कटनी।** कोविड-19 संक्रमण के प्रसार को रोकनें एवं लॉकडाउन की अवधि में नगरीय क्षेत्र के गरीब बेसहारा एवं असहाय लोगों को भोजन की व्यवस्था निगम प्रशासन द्वारा अनवरत की जा रही है। भोजन वितरण प्रभारी अभिषेक अरजरिया नें जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा आज भी दीनदयाल अन्त्योदय रसोई के माध्यम से भोजन के पैकिटों को तैयार कराया जाकर नगर के विभिन्न स्थलों जालपा देवी मंदिर के पास, घंटाघर, बस स्टेण्ड, मिशन चैक, बरगवां आदि स्थलों में वाहनों के माध्यम से भ्रमण कर गरीब एवं असहाय लोगों को भोजन के पैकिटों का वितरण किया गया।

## नेहरू जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**कटनी।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश जैन एडवोकेट ने युगद्रष्टा, भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की पुण्यतिथि पर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। मिथलेश जैन ने कहा है कि आजादी के बाद पूरे भारत देश को एकता के सूत्र में बांधकर भारत को विश्व का सिरमौर बनाने में तथा भारत की जनता को खुशहाल बनाने में पंडित जवाहरलाल नेहरू अथक प्रयास किए। उनके द्वारा भारत देश की जो नींव रखी गईए उसके ऊपर खड़े होकर भारत आज बुलंदियों तक पहुंचा है।

## गेहूं खरीदी केन्द्रों में व्यवस्थाएं रहें दुरुस्त

### कलेक्टर ने किया गेहूं उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण

**कटनी।** गुरुवार को जिले में हो रहे उपार्जन कार्य की जमीनी स्थिति का जायजा लेने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा विजिट पर निकले। इस दौरान उन्होने बरही, करेला, पिपरिया कला और पड़रिया में उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया। साथ ही व्यवस्थायें दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि खरीदी केन्द्रों में किसी तरह की समस्या ना आये, व्यवस्थायें दुरुस्त रहें, यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम और तहसीलदारों के द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्रों में खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण प्रतिवेदन राजस्व अधिकारियों द्वारा कलेक्टर को सौंपा जायेगा। एसडीएम कटनी बलबीर रमन ने उपार्जन केन्द्र पिपरौंध और लखापतेरी का निरीक्षण किया। इस दौरान तहसीलदार मुनौव्वर खान भी मौजूद रहे। नायब तहसीलदार प्रियंका नेताम ने खरीदी केन्द्र देवगांव, नायब तहसीलदार राजीव मिश्रा ने उपार्जन केन्द्र सिंघनपुरी, नायब तहसीलदार हरिसिंह धुर्वे ने उपार्जन केन्द्र झिन्ना, नायब तहसीलदार राजेश पाण्डे ने उपार्जन केन्द्र रीठी का निरीक्षण किया। वहीं अन्य राजस्व अधिकारियों द्वारा भी सिनगौड़ी, पड़रिया, कटरिया, मुहास, बिलहरी खरीदी केन्द्रों का विजिट का व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश भी खरीदी केन्द्र में संलग्न अमले को दिये।



उपार्जन केन्द्र में व्यवस्थायें दुरुस्त रखने के दिये निर्देश

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड
बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340



## सांसद ने जिले के लिए दिए 200 पल्स ऑक्सीमीटर

### जनस्वास्थ्य की दिशा में होंगे सहयोगी

**कटनी।** कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये जिले में शासन और प्रशासन द्वारा सतत् रुप से कार्य किया जा रहा है। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने की दिशा में भी जिला प्रशासन के साथ जिले के जनप्रतिनिधि हर संभव सहयोग कर रहे हैं। जिला अस्पताल के बाद अब जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिये प्रशासन काम कर रहा है। ताकि भविष्य में ऐसी संक्रामक बीमारियों के उपचार की व्यवस्थायें हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में भी उपलब्ध हों। इसी दिशा में चिकित्सीय संसाधन बढ़ाने के क्षेत्र में एक सार्थक सहयोग भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय सांसद वी.डी. शर्मा के द्वारा किया गया। सांसद द्वारा 200 पल्स ऑक्सीमीटर गुरुवार को जिला प्रशासन को उपलब्ध कराये गये हैं। विधायक संदीप जायसवाल, निवर्तमान महापौर शशांक श्रीवास्तव, भाजपा जिलाध्यक्ष, पीताम्बर टोपनानी एवं अश्विन गौतम ने गुरुवार को 200 पल्स ऑक्सीमीटर जिला प्रशासन के लिये कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को सौंपे। निर्वतमान महापौर श्री श्रीवास्तव ने बताया कि सांसद श्री शर्मा सतत रुप से कोरोना की रोकथाम के लिये चिकित्सीय सुविधायें जिले को उपलब्ध कराई गई है। वे चाहे ऑक्सीजन जनरेटर मशीन हो, ऑक्सीजन कन्सन्ट्रेटर हों या लिक्विड ऑक्सीजन की व्यवस्था। इसी कड़ी में उनके द्वारा 200 पल्स ऑक्सीमीटर आज उपलब्ध कराये गये हैं। जिनका उपयोग जनस्वास्थ्य की दिशा में किया जा सकेगा। वहीं कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने सांसद श्री शर्मा द्वारा उपलबध कराये गये पल्स ऑक्सीमीटर के सहयोग के लिये उनका आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इनका उपयोग करेंगे। किल कोरोना अभियान के तहत संलग्न टीम और ग्रामीण क्षेत्रों के सीएचसी एवं पीएचसी में इन्हें उपलब्ध कराया जायेगा। वर्तमान परिदृश्य में यह बहुत ही उपयोगी है। अभी तक कोरोना से लड़ाई में जो भी सफलतायें हमने पाई हैं, वह हमें सभी के सहयोग से मिली है। हमें यकीन हैं हमें आगे भी सहयोग मिलता रहे।



एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षो में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

### कार्यालय नगर पालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

क्र./ 808/ विद्युत विभाग/ 2021-22 — **तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना** — कटनी, दिनांक : 25/05/2021

नगर पालिक निगम, कटनी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें https://www.mptenders.gov.in पर key Date & Time अनुसार पंजीकृत फर्मों से आमंत्रित की जाती है। समस्त शर्तें व जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस मे नगर पालिक निगम, कटनी मे अथवा पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार आयुक्त, नगर पालिक निगम, कटनी का होगा।

| क्र. | कार्य का नाम | अमानत लागत (राशि रू. लाख में) | अमानत राशि (राशि रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रुपये में) | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Appointment of Independent Engineer for Implementation of Katni Cluster Street Light Project on Design, Build, Finance, Operate and Trancfer (DBFOT) basis | 90.00 | 67,500 | 10,000 | 03 वर्ष |

**निविदा का शेड्यूड निम्नानुसार है :-** (1) निविदा प्रपत्र क्रय एव बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि 27/05/2021 सायंकाल 5:30 से। **(2) प्री-बिड मीटिंग की तिथि 3/6/2021** को दोप. 15:00 से कार्यपालन यंत्री (विद्युत विभाग), नगर पालिक निगम, कटनी के कक्ष मे। (3) निविदा प्रपत्र क्रय एव बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 11/6/2021 को सायंकाल 5:30 तक। (4) बिड खोलने की तिथि 14/6/2021 को दोपहर 13:00 बजे से।

**नोट** : (1) Independent Engineer का कार्य Concessionaire के अनुबंध निष्पादन के उपरान्त प्रारंभ होगा। (2) निविदा मे किसी भी प्रकार का संशोधन सिर्फ ऑनलाइन किया जावेगा, समाचार पत्रो मे नहीं किया जावेगा।

**(आयुक्त महोदय के आदेशानुसार)** — **कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम, कटनी**

### कार्यालय, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड कटनी

क्रमांक /. 1626 /का0यं0/नि.प्रको. / लो0स्वा0यां0/परि0खण्ड/21 कटनी, दिनांक **20.05.2021**

**निविदा आमंत्रण**

**सूचना कमांक 06-10/2021-22**

ई-टेण्डरिंग पद्वति से पोर्टल http://www.mptender.gov.in पर कटनी जिले के विभिन्न विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत आर.सी.सी.ओवर हैड टैंक निर्माण, .सी.सी. सम्पवेल निर्माण मोटर पंप स्थापना, पंपहाउस/सम्पवेल निमार्ण, पाईप लाईन बिछाने का कार्य, घर घर कनेक्शन एवं योजना का 90 दिन ट्रायलरन सफल संचालन एवं संधारण कार्य हेतु निम्नानुसार आमंत्रित है ।

| निविदा कमांक | सिस्टम निविदा कं. | विकासखंड | ग्राम की संख्या | निविदा की कुल लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 06/21_22 | 2021_PHED_142855 | RITHI | 2 | 110.09 | 110090 | 12500 | 6 माह | Registered under M.P. PWD New centralized registrati on Scheme |
| 07/21_22 | 2021_PHED_142856 | RITHI | 3 | 118.47 | 118470 | 12500 | 6 माह | |
| 08/21_22 | 2021_PHED_142857 | KATNI | 5 | 185.39 | 185390 | 12500 | 6 माह | |
| 09/21_22 | 2021_PHED_142859 | KATNI | 6 | 299.76 | 299760 | 15000 | 6 माह | |
| 10/21_22 | 2021_PHED_142860 | BADWARA | 4 | 393.64 | 393640 | 15000 | 6 माह | |

ऑन लाईन निविदा फार्म कय करने की अंतिम तिथी – 12.06.2021 17.30 बजे
ऑन लाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथी – 12.06.2021 17.30 बजे
ऑन लाईन निविदा दर खोलने की तिथी – 14.04.2021 12.00 बजे

निविदा फार्म ऊपर दर्शित बेबसाईट पर (Online System)केडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही कय किये जा सकते है । निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई बेबसाईट पर देखे ।

जी-12770/21

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
परियोजना खंड कटनी
फोन नं: 07622-225752

# 12वीं के छात्रों को अपने ही स्कूल में मिल सकता है परीक्षा सेंटर

**15 जुलाई से 26 अगस्त के बीच परीक्षाएं आयोजित कराने का प्रस्ताव,अंतिम फैसला 1 जून को**

**कटनी।** कोरोना महामारी के बीच अभी भी 12वीं की परीक्षाओं को लेकर संशय बना हुआ है। कई छात्र और शिक्षक यह मांग कर रहे हैं कि 12वीं की परीक्षाएं रद्द की जानी चाहिए और छात्रों के आंकलन का दूसरा तरीका निकाला जाना चाहिए। वहीं कई शिक्षकों और छात्रों का यह भी कहना है कि बिना परीक्षा के बोर्ड एग्जाम के नंबर कैसे दिए जा सकते हैं। इस बीच छात्रों के लिए अच्छी खबर आई है। 12वीं के परीक्षार्थियों को उनके ही स्कूल में परीक्षा देने का मौका मिल सकता है। इसका मतलब है कि बोर्ड होम सेंटर एग्जाम कराने के बारे में सोच रहा है। बोर्ड और राज्य के अधिकारियों के बीच हुई चर्चा में यह बात सामने आई है। बोर्ड ने अधिकारियों के सामने 2 विकल्प रखे हैं। पहला विकल्प परीक्षा केन्द्र किराए पर लेने का है और दूसरा विकल्प मौजूदा स्कूलों को परीक्षा केन्द्र में बदलने का है। हालांकि बोर्ड इस बात के पक्ष में है कि छात्रों को उसी स्कूल से परीक्षा देने का मौका मिलना चाहिए जहां से वो पढ़ाई कर रहे हैं। इस बारे में अंतिम निर्णय 1 जून के दिन लिया जाएगा। प्रस्ताव के अनुसार छात्रों को उसी स्कूल में परीक्षा देने का मौका दिया जाना चाहिए, जहां वो अपनी पढ़ाई कर रहे हैं। ऐसे में परीक्षाएं 45 दिन के अंदर खत्म हो जाएंगी और परीक्षा खत्म होने के 15 दिन बाद रिजल्ट घोषित कर दिया जाएगा। रिपोर्ट्स के अनुसार अधिकतर राज्य बोर्ड के पहले प्रस्ताव पर राजी हैं।



### 15 जुलाई से 26 अगस्त के बीच हो सकती हैं परीक्षाएं

बोर्ड ने 15 जुलाई से 26 अगस्त के बीच परीक्षाएं आयोजित कराने का प्रस्ताव रखा है। हालांकि परीक्षा की तारीख, समय और परीक्षा के तरीके पर 1 जून के दिन अंतिम फैसला होगा। इसके साथ ही परीक्षाओं को लेकर केन्द्र सरकार अपनी नीति भी स्पष्ट करेगी।

### अंतिम निर्णय आना बाकी

जुलाई और अगस्त के महीने में बोर्ड परीक्षा कराने का फैसला अभी फाइनल नहीं है। इस बारे में अंतिम निर्णय 1 जून को ही होगा। अभी कुछ भी फाइनल नहीं है। अगर जुलाई के शुरुआती दिन परीक्षा के लिए सुरक्षित नहीं हैं तो सरकार के पास दूसरा प्लान भी है।

### डेढ़ घंटा की परीक्षा करने का प्रस्ताव

सभी ने उस प्रस्ताव का समर्थन किया है, जिसमें सभी विषयों की परीक्षा कराने की बात कही गई है लेकिन परीक्षा का समय 1.5 घंटे रखे जाने का प्रस्ताव है। छात्रों की सुविधा के लिए इसमें सिर्फ वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे और छोटे जवाब वाले सवाल पूछे जाएंगे।

# ट्रेन में धूम्रपान करने वालों से रेलवे ने वसूला दो लाख रुपए जुर्माना

## प्लेटफार्म व ट्रेनों की जांच में 1137 लोग मिले नियम तोड़ते

**कटनी।** कोरोना काल के दौरान लोग ट्रेन में सफर करने से बच रहे हैं लेकिन इस बीच ऐसे लोग भी हैं जो न सिर्फ ट्रेन में सफर कर रहे हैं बल्कि मौका मिलते ही ट्रेन में धुम्रपान करने से पीछे नहीं हटते। रेलवे ने कोरोना काल के दौरान ट्रेनों की जब सघन जांच की तो बड़ी संख्या में ऐसे लोग मिले जो ट्रेन में ही नहीं बल्कि प्लेटफार्म पर बीड़ी-सिगरेट पीते मिले। रेलवे ने कटनी, जबलपुर समेत जोन के सभी रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों में जांच की। इस दौरान आरपीएफ और कमर्शियल विभाग ने यह कार्रवाई की और लगभग 11 सौ 37 लोगों को धूम्रपान करते हुए पकड़ा। इनसे लगभग दो लाख सात हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

### स्टेशनों पर की गई जांच



इस अभियान में 299 स्टेशनों और 115 स्थानों में जांच की गई। इस दौरान ट्रेनों की सुरक्षा से जुड़े सभी मापदंड को परखा गया। वहीं जांच के दौरान लगभग 936 यात्री गाड़ियों को भी चेक किया गया। इसमें कई यात्री अपने साथ ज्वलनशील सामग्री भी ले जाते मिले। इन पर धारा 153, 164 एवं 167 रेल अधिनियम के तहत कार्रवाई कर इन पर लगभग एक लाख 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

### 30 दिन चलाया जांच अभियान

पश्चिम मध्य रेल द्वारा रेल यातायात से ज्वलनशील सामग्री का परिवहन और धूम्रपान के खिलाफ व्यापक संरक्षा अभियान चलाकर ट्रेनों में जांच की। इस दौरान गाड़ियों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा करने तथा धूम्रपान करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में रेल सुरक्षा बल, वाणिज्य विभाग सहित अन्य विभागों के पर्यवेक्षक, निरीक्षक कर्मचारियों के द्वारा संयुक्त रूप कार्रवाई की। 30 दिन के दौरान ट्रेनों की जांच में कई ऐसे लोग मिलेए जो न सिर्फ सिगरेट बल्कि शराब पीते भी मिले। इनके खिलाफ भी कार्रवाई की गई।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने कराया मूक पशुओं को भोजन

**लगातार 19वें दिन जारी रहा सांसद कोविड सहायता केंद्र से सेवा का क्रम**

**कटनी।** कोरोना महामारी के इस संकट के समय भाजपा कार्यकर्ता दिन-रात सेवा कार्य कर रहे हैं, जिला चिकित्सालय में लगातार 19वें दिन सांसद कोविड सहायता केंद्र द्वारा भाजपा कार्यकर्ता मरीजों के परिजनों को भोजन इत्यादि वितरण करने के साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष मूक पशुओं को भी भोजन, सब्जियां खिला रहें हैं एवं मंदिरों के पुजारियों को राशन भी उपलब्ध करा रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा जनसेवा को अपना लक्ष्य मानकर कार्य करने वाला दल है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आव्हान पर एवं प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के नेतृत्व में सेवा ही संगठन के मूलमंत्र को लेकर भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता जरूरतमंदों को मदद पहुचाने के लिए हर समय तत्पर है। मूक पशुओं को सामान्य दिनों में मंदिर, सब्जीमंडी पर भोजन मिलता था, परंतु लॉकडाउन के वजह से मूक पशुओं को भी भोजन के लिए समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में जिलाध्यक्ष श्री रामरतन पायल द्वारा उन्हें भी भोजन करा रहे हैं। इस अवसर पर विधायक संदीप जायसवाल, बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडेय, अश्वनी गौतम, जनपद अध्यक्ष कन्हैया तिवारी, चेतन हिंदुजा, रवि खरे, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, सुरेश रोचलानी, केशव मिश्रा, शंकर मोटवानी, ललित जायसवाल, घनश्याम चावला, राजेश भास्कर, पप्पा मिश्रा, छुट्टू मिश्रा, सुरेंद्र गुप्ता, शैलेन्द्र त्रिपाठी, ललित गुप्ता, शिवम शर्मा, सुनील डोडानी, अहमद बख्श, मयंक गुप्ता, शिवकुमार सोनी, अमन खटीक छोटा बच्चू, संतोष पटेल, देवेंद्र सोनी, सोनू बहरे, मनीष त्रिसोलिया, आशीष मिश्रा, अभिषेक शर्मा, नवीन मोटवानी, नितेश तिवारी, विवेक गुप्ता, विमल साहू, विष्णुशंकर मिश्रा, नाजू खान, दीपक तिवारी, मनोज गोस्वामी, मंगल तिवारी, रुद्र श्रीवास, अमित पिल्लै आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।





# मर जाती भूख से ये सारी दुनिया, गर खेतों में किसानों का पसीना न होता

**कोरोना तांडव के बीच थोड़ा हंस लो के माध्यम से ऑनलाइन अभा हास्य कवि सम्मेलन**

**कटनी।** कोरोना तांडव के बीच श् थोड़ा हंस लो श् के माध्यम से ऑनलाइन अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन की प्रस्तुति पर जमकर लगे ठहाके कवि और कलाकारों ने हास्य.व्यंग्य से खूब हंसाया । इस कार्यक्रम का संचालन हास्याचार्य सुनील चौरे उपमन्यु खंडवा ने किया । इस कार्यक्रम में जयश्री तिवारी ने माँ शारदा की वंदना की व गणेश वंदना. म्हारा कीर्तन में रस बरसाओ आओध्गजानन्द आओण्ण! से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जितेंन्द्र शिवहरे इंदौर की इन पंक्तियों ने हास्य बिखेरा. दो नेताओ के बीच लड़ाई हो गयीध्दोनों ने एक दूजे पर कीचड़ उछालाध्इसी बहाने नाले की सफ़ाई हो गयी। डॉण् रमाकांत निगम कार्टूनिष्ट ने कहा . भाग कोरोना हाहाकार मचायाए कमर तो बेटा कस लेध्सरकारी अस्पताल तो यमराजो का अड्डाध्आओ थोड़ा हँस ले। बालकृष्ण साहू वरिष्ठ गीतकार ने कहा .हर तरफहै बिल्लियां ही बिल्लियां। सुनील उपमन्यु की हास्य रचना श्औ साथी रे तेरे बिना भी क्या पीनाश् पप्पू से मांगीए सप्पू से मांगी पर किसी ने ना दी नाण्ण! हंसने को मजबूर कर दिया । गोकुल जाटव की रचना. मर जाती भूख से ये सारी दुनियाए गर खेतो में किसानों का पसीना न होताण्ण। रचना शानदार रही। संजय जैन बेज़ार इंदौर की रचना. हम तो कभी गए नही कालेज बेटाध्फिर भी तुमसे ज्यादा है नालेज बेटाण्ण!आनन्दित कर गयी। शरद जायसवाल कटनी हास्य कवि है उनकी रचना.पलंग दीवार से सटाती पत्नी से हमने कहा इसे दिवार से मत जोड़ो एपरिक्रमा के लिए कुछ तो छोड़ो । अनिल कुमार मिश्र की रचना.निकले जो लाकड़ाउन में तोड़े गए हैं लोगध् ले जा कर अस्पताल में फिर जोड़े गए हैं लोगध्हास्य बिखेरा इस रचना ने। जीवनलता शर्मा ने लोकभाषा में रचना सुनायी ।उनकी रचना. म्हारी तो छे आपड़ी कीध् थापड़ीए न म्हारी जुबलई छे लाबड़ी। आनन्दित कर गयी जीवन जी की यह बात। अनीता पिल्लई ए भानुप्रताप सिंग गौर ए श्रीमती माया जैन एनिर्मल मंगवानीए दीपक चाकरेए तारकेश्वर चौरे ने भी अपनी हास्य व्यंग्य की प्रस्तुति देते हुए हास्य का माहौल बनाया । आभार दीपक चाकरे ने माना ।इस अवसर पर विशेष रूप से.महेंद्र लाड़ए धीरेन्द्र कुमार सोमानीएसुनीता तिवारीएनन्दिनी गांवशिंदेएमनोज पटेलएसन्तोष चुभन उपस्थित थे।



# वैक्सीनेशन रथ ने किय गांवों का भ्रमण, मास्क वितरण के साथ दिलाई शपथ

### जन अभियान परिषद की टीम ने चलाया टीकाकरण जागरूकता अभियान

**कटनी।** कोरोना वैश्विक महामारी से आज पूरा विश्व प्रभावित है, वहीं शासन प्रशासन लोगो को बचाव हेतु हरसंभव प्रयास कर रहा हैं। इसी क्रम में रीठी विकासखंड में जन अभियान परिषद के मेंटर व कोरोना वोलेंटियर्स टीम के साथ रीठी के ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना वायरस से बचाव हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया गया। रीठी जनपद के ग्राम देवरी फाटक, हरद्वारा, खिरवा, सिमरा, कुदरी, इमलिया व खम्हरिया नंबर 1 में कोरोना जागरूकता रथ का भ्रमण कराया गया। जिसमे जिला प्रशासन के वैक्सीन जागरूकता रथ के साथ सड़क पर उतरे वोलेंटियर्स और अन्य समाजसेवियों ने लोगों को जागरूक किया। टीम द्वारा ग्राम में निवासरत ग्रामीणों को कोरोना से बचाव हेतु मास्क का वितरण व नियमित रूप से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया, साथ ही नियमित रूप से सेनेटाइजर का उपयोग कर हाथ धोने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। जागरूकता रथ के साथ वोलेंटियर्स द्वारा ग्राम खम्हरिया में ग्रामीणों को बचाव हेतु सुरक्षा की सावधानियां बताई एवं शपथ दिलाई गई। इस दौरान जनअभियान परिषद के मेंटर शरद यादव,ख शारदा श्रीवास, वोलेंटियर्स अजय यादव, बिंजन श्रीवास, ऋषभ पाल, मयंक कंदेले, पराग सेन, अनुराग सेन, शैलेंद्र यादव, आकाश जैन, हेमंत सेन, रीतेश यादव, महेश यादव, लखन लाल, रामसिंह, बाबूलाल, राकेश गर्ग, लखन लाल, रामसिंह, अजय यादव सहित अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।

# मौतों के आंकड़े सार्वजनिक क्यों नहीं कर रही सरकार

**कटनी।** मप्र कांग्रेस शिक्षा व शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रांतीय महामंत्री राजा जगवानी ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ का बयान 100 प्रतिशत सही है। प्रदेश में जिस तरह से कोरोना से मौतें हुई हैं, यह जग जाहिर है, इसे छिपाया नहीं जा सकता। जिस भी परिवार का कोई भी सदस्य कोरोना काल में ऑक्सीजन, दवाइयां, अस्पताल में जगह नहीं मिलने से मृत्यु हुई है, उसके आंकड़े सरकार क्यों सार्वजनिक नहीं करती। राजा जगवानी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने जब मौतों के आंकड़े पेश करने की बात कही तो उन पर एफआईआर दर्ज कर दी गई। सरकार सच का गला घोंटना चाहती है। यदि मौतों की जानकारी सामने आती है तो इससे सरकार को क्या परेशानी है। सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए झूठे आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि अगर यह आंकड़े सिद्ध नहीं होते हैं तो मैं अपने सभी पदो से इस्तीफा दे दूंगा।

# आयुर्वेद और ऐलोपैथी चिकित्सा में सैद्धांतिक फर्क



**कटनी।** आयुर्वेदिक और ऐलीपैथी से मरीजों के उपचार को लेकर चल रहे विवाद के बीच रिटायर्ड आयुर्वेद चिकित्सक वैद्य ए के दुबे ने कहा कि यह सार्वभौमिक स्वीकार करने वाली बात है कि बाबा रामदेव ने योग क्रिया को देश-विदेश में जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है। आयुर्वेद में योग, ज्योतिष, यांत्रिक, तांत्रिक विधाएं अष्टांग आयुर्वेद का अभिन्न अंग है। जिसके बिना चिकित्सा ज्ञान अपूर्ण है। आयुर्वेद चिकित्साथानुवाद एवं पश्चात्य चिकित्सा कीटाणुवाद आधारित है। ऐलोपैथी में औषधि चिकित्सा शल्य चिकित्सा पाश्चात्य वैज्ञानिकों को चरक मुलुत (सुश्रुत) ग्रंथ खोज का आधार बना था, जिसको वैज्ञानिकों ने स्वीकार किया है। आयुर्वेद और ऐलोपैथी चिकित्सा में सैद्धांतिक फर्क है। आयुर्वेद सर्वसुलभ, एलोपैथी निरंतर वैज्ञानिक शोध से सर्वमान्य स्टूपिड है या दिवालियापन नहीं कहा जा सकता। यह शब्द बाबा के ज्ञान का उन्माद प्रदर्शित करता है।

# गेंग के माध्यम से कराया जा रहा नाले-नालियों की सफाई का कार्य

**कटनी।** आगामी वर्षा ऋतु में नगर के मुख्य मार्गो में जलप्लावन की समस्या उत्पन्न न हो इस हेतु निगमायुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छता गेंग के माध्यम से नगर के नले एवं नालियों की सफाई का कार्य कराया जाकर सुचारू जलनिकासी के प्रयास किये जा रहे है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर के नाले एवं नालियों की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए निगम के स्वच्छता दूतों की गेंग द्वारा बाल गंगाधर तिलक वार्ड स्थित इंदिरा नगर गली नंबर 4 की सार्वजनिक नालियों, राममनोहर लोहिया वार्ड रचना नगर चौराहा गली क्रमांक 1 के पास स्थित नाले, जालपा देवी वार्ड स्थित दौलती देवी धर्मशाला के आसपास स्थित मुख्य मार्ग नाले, चांडक चौक आदर्श कॉलोनी मोड स्थित रोड किनारे स्थित नाले की सफाई, महात्मा गांधी वार्ड गांधी गंज रावत गली की नालियों, मदन मोहन चौबे वार्ड स्थित कटाए घाट मोड के पास के बडे नाले की सफाई उपरान्त कचरे के उठाव, कावस जी वार्ड में कृष्ण मंदिर के सामने वाली नाली तथा मलिन वंशकार बस्ती की नालियों की सफाई उपरांत कचरे के उठाव का कार्य, माधवनगर स्थित खैवर लाईन, लीला डेरी के पास गौरी शंकर मंदिर के पीछे स्थित नाले, एम.ई.एस कॉलोनी में विजय राजपूत जी के घर के पास सहित माधवनगर के विभिन्न स्थलों की नालियों की सफाई का कार्य कराया गया।



# त्याग और सेवा भारत के राष्ट्रीय गुण

### गौतम बुद्ध की तरह सत्य,धर्म और त्याग की जीती जागती मिसाल हैं त्यागी महाराज

**कटनी।** आज भारत में न तो संतों की कमी और न ही अच्छे विचारकों की, फिर भी राष्ट्र धर्म के उत्थान को समझा जाये तो हम वहा नही है जहा हमें होना चाहिए था बस हालांकि सभी के प्रयास सकारात्मक है और दिन प्रतिदिन सुधार हो ही रहा है लेकिन इसकी गति बहुत धीमी है। आज हर वयक्ति को चाहे वह किसी भी उम्र का हो उसके दिमाग में हर पर राष्ट्र निर्माण का भूत सवार होने से ही दिशा तय होगी जिसमें सत्य, धर्म और त्याग ये मूल विषय है जब तक हम सत्य को समझें नही और स्वीकार न करे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम सब कुछ बदलना चाहते हैं इसी तरह धर्म है धर्म किसी जाति पंथ या मत को नही बल्कि चरित्र और हमारे क्रियाकलाप को दर्शाता है इसी तरह त्याग की भावना के बगैर हम न तो स्वयं का विकास करेंगे न ही राष्ट्र का चूकि स्वयं को जीतकर ही संसार को समझा भी और जीता भी जा सकता है बस अच्छी सोच को क्रियान्वित करने की जरूरत है बदलना तो सबको होता है चाहे खुद बदल जाये नही तो समय सब कुछ बदल देता है



एक बार विवेकानन्द दक्षिणी भारत में तमिलनाडु के राजा सेतुपति ने विवेकानन्द को गुरु बना लिया लेकिन वे एक सवाल करने से न चूके सवाल था रू स्वामी जी आपने संसार से वैराग्य लिया है फिर भी आप देश के जनसाधारण के लिए हमेशा व्यथित और कार्यशील रहते है शिक्षा और कृषि पर हमेशा चिंतन मनन करते रहते हैं ऐसा क्यो? स्वामी जी ने कहा मोक्ष लक्ष्य हो सकता है परंतु भारतवर्ष की जनता की उन्नति और बडा मोक्ष का साधन है 'त्याग और सेवा भारत के राष्ट्रीय गुण है।' राजा सेतुपति उनके अनन्य भक्त हो गये और अपना सर्वस्व स्वामी विवेकानंद को सौंप दिया राष्ट्र निर्माण के लिए। ऐसे बहुत सारे उदाहरण हमारे देश में मिल जाते थे लेकिन आज इसकी कुछ अधिक संख्या चाहिए या यूँ कहे कि हर घर मे परिवार का हर सदस्य स्वयं को राष्ट्र के प्रति समर्पित करे चूकि हम नही बदलेंगे तो देश कैसे बदलेगा इसी की कार्य रूप में परिणित करने का संकल्प लिया है। त्यागी महाराज अपने जीवन भर की जमा पूंजी अपनी पूरी सम्पत्ति समाज को अंतर्मन से समर्पित कर चुके हैं तन, मन, धन और यह परमात्मा का दिया बहुमूल्य जीवन भी राष्ट्र रक्षा विश्व कल्याण के लिए संकल्पित और समर्पित है त्यागी जी पूरी दुनिया को संदेश देते बताया कि अपने कार्य से न कि सिर्फ बोलकर चूकि भूख लगने पर भोजन चाहिए होता है बातों से पेट नहीं भरता, लेकिन उन्होंने भोजन सुख सुविधा सब राष्ट्र के नाम कर दिया बहुत थोडे में अपना जीवन सुखद कर वही दूसरों को अर्पित कर रहे हैं 'न कोई चंदे का धंधा न कोई भीख बस पवित्र निर्माण और इमानदारी की सीख। यही कारण है कि भारत के साथ ही दुनिया भर के लोग त्यागी जी कार्य के मुरीद हैं और तन मन धन से सहयोग करने तैयार है लेकिन उनका कहना है कि सिर्फ ईमानदार लोग ही इस पवित्र कार्य में सहायक हो सकते हैं।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज- 5x1

आवश्यकता, खरीदना-बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत
कचहरी चौक, कटनी

फोन:- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com




## कटनी में एक साल पहले आज मिला था पहला केस

# 365 दिन में 9 हजार को पार कर गया आंकड़ा

# ऑन रिकार्ड एक सैकड़ा से ज्यादा मौतें

कटनी। जिले में एक साल पहले आज ही के दिन पहला केस सामने आया था, तब से लेकर आज 365 दिनों में जिले में कोरोना महामारी ने ऐसी रफ्तार पकड़ी कि संक्रमित मरीजों का आंकड़ा 9 हजार को पार कर गया। इस तरह जिले में हर दिन औसतन करीब 25 लोग संक्रमित पाए गए। 2020 में अगस्त-सितंबर तो 2021 में अप्रैल-मई के महीने में कोरोना संक्रमण ने जमकर कहर बरपाया। शहर से लेकर गांवों तक यह महामारी ऐसी फैली कि हर जगह दहशत व्याप्त रही।

**अगस्त, सितंबर के बाद अप्रैल मई रहा कोरोना का पीक**

पिछले साल पहली लहर की तुलना में दूसरी लहर में कोरोना संक्रमण कहर बनकर टूटा। जितने केस 10 महीने में नहीं मिले थे, उससे दुगने केस अप्रैल और मई के महीने में मिले। सिस्टम की चूक और लापरवाही का खामियाजा लोगों को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा। पिछले साल से लेकर अभी तक मौतों की संख्या भी एक सैकड़ा को पार कर गई। ऑन रिकार्ड पूरे एक साल में सबसे ज्यादा मौतें मई के महीने में ही दर्ज की गईं। सरकारी रिकार्ड से अलग मुक्तिधाम के आंकड़ों पर गौर करें तो पिछले दो महीने में मौतों की संख्या इससे कहीं अधिक है। कोविड और नॉन कोविड के साथ ही संदिग्ध मृत्यु पर भी कोविड प्रोटोकॉल से अंतिम संस्का किया गया। एक समय ऐसा भी आया जब पन्ना मोड़ मुक्तिधाम में शवों के अंतिम संस्कार के लिए जहां जगह मिली, वहां पर परिजनों ने दाह संस्कार किया। कोरोना संक्रमण को पूरा एक साल बीतने के बाद अब एक बार फिर 1 जून से अनलॉक की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है और पिछली बार की तरह इस बार भी जिले के लोगों ने प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया तो तीसरी लहर कब जाए, कहा नहीं जा सकता।

### मुंबई से आई बालिका ने खोला था खाता

लॉकडाउन के तीनों चरण के दौरान कटनी जिला लगातार ग्रीन जोन में शामिल रहा। आवागमन में प्रतिबंध होने के कारण न तो कोई दूसरे शहर से कटनी आ रहा था और न ही कटनी के लोग दूसरे शहरों की यात्रा कर पा रहे थे लेकिन जैसे ही आवागमन में छूट मिली, कटनी जिला भी रेड जोन में आ गया। जिले में पहला केस 27-28 मई को उस समय सामने आया था, जब मुंबई से अपने नाना-नानी के यहां संजयनगर आई एक 9 वर्षीय बालिका की रिपोर्ट पॉजीटिव आई थी। इस खबर से पूरे जिले में हड़कम्प मच गया था, हालांकि इसके पहले सिहोरा की एक महिला भी कटनी आकर पॉजीटिव हुई थी लेकिन महिला के दूसरे जिले की होने के कारण नियमों के हिसाब से स्वास्थ्य विभाग ने इसे पहला केस नहीं माना था।


बच्ची ने खोला कोरोना का खाता

कटनी में पहला केस, 4 सेम्पल में से एक रिपोर्ट पॉजीटिव

यश भारत के 28 मई 2020 के अंक में प्रकाशित खबर।

### 70 दिनों तक लॉक था शहर, लेकिन जब खुला था तो बढ़ने लगे केस

पिछले साल 2020 में जब कोरोना संक्रमण ने देश में दस्तक देना शुरू किया था, तब केन्द्र सरकार द्वारा इस महामारी से बचाव के लिए 25 मार्च से पूरे देश में लॉकडाउन लगाया दिया गया था। लॉकडाउन के पहले चरण में 21 दिनों तक कटनी जिला भी पूरी तरह से लॉक रहा। इस दौरान लोगों ने भी शासन-प्रशासन की गाइडलाइन का पालन किया। तीन चरणों में लगाए गए 70 दिनों के लॉकडाउन के दौरान कटनी जिला पूरी तरह से ग्रीन जोन बना रहा लेकिन जैसे ही लॉकडाउन में छूट मिली, यहां केस मिलना शुरू हो गए। आवागमन पर लगा प्रतिबंध हटते ही लोगों का आना जाना शुरू हो गया। शहर के लोग व्यापार और अन्य कामों से दूसरे शहर जाने लगे और वहां जाकर संक्रमित हो गए।

### ग्रीन जोन में होने के कारण 17 मई से मिली थी छूट

कटनी जिले के लगातार ग्रीन जोन में होने और एक भी पॉजीटिवप केस नहीं आने के कारण राज्य सरकार की गाइडलाइन के अनुसार कटनी जिले में भी अनलॉक किए जाने की प्रक्रिया को शुरू किया गया और 17 मई 2020 को दुकानों को कुछ घंटे खोलने के लिए छूट मिली थी। अनलॉक होते ही शहर में खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जाने लगी। बाजारों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान सोशल डिस्टेसिंग भी नदारत दिखी। जिसके चलते जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में इजाफा देखने को मिला।



**टारगेट से पीछे स्वास्थ्य विभाग, 18 प्लस में 80 तो 45 प्लस में 40 प्रतिशत लोगों को लगी वैक्सीन**

## पहले कहा-ऑनसाइट बुकिंग 18 प्लस वाले पहुंचे तो कह दिया ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराइए

### स्वास्थ्य संचालनालय से रोज-रोज जारी हो रहे नए आदेशों-निर्देशों से धीमी पड़ रही वैक्सीनेशन की रफ्तार

**कटनी।** ऑनसाइट बुकिंग के निर्देशों के बाद 18 प्लस वाले बड़ी संख्या में वैक्सीन लगवाने पहुंचे तो टीकाकरण केन्द्रों में यह कहकर उन्हें वैक्सीन लगाने से मना कर दिया गया कि पहले ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाईए, जबकि एक दिन पहले ही सरकार की तरह से ऑनसाइट बुकिंग के निर्देश जारी किए गए थे। यही कारण है कि जिले में टीकाकरण अभियान रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है। गुरूवार को भी स्वास्थ्य विभाग टारगेट से करीब 20 प्रतिशत पीछे रहा। जानकारी के मुताबिक गुरूवार को 4 हजार 330 डोज लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसमे से 3 हजार 472 यानि 80 प्रतिशत लोगों को वैक्सीन लगाई गई। जिसमे 18 प्लस के लिए 3230 वैक्सीन लगाने का टारगेट था, जिसमे से 3028 लोगों को ही वैक्सीन लग पाई। इसी तरह 45 प्लस वलों के लिए 1100 वैक्सीन सुरक्षित रखी गई थी, लेकिन 444 यानि 40 प्रतिशत लोग ही वैक्सीन लगवाने के लिए पहुंचे। इस तरह नित नए निर्देशों की वजह से वैक्सीनेशन अभियान टारगेट से काफी पीछे चल रहा है।

### शहर में ऑनसाइट तो ग्रामीण क्षेत्रों में ऑनलाइन

18 से 44 आयु वर्ग के कोविड-19 टीकाकरण के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक श्रीमती छवि भारद्वाज द्वारा नवीन दिशा निर्देश जारी किये हैं। जारी निर्देशों में 18 से 44 आयु संवर्ग के कोविड-19 टीकाकरण के लिए कटनी नगर निगम सीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत टीकाकरण ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन के आधार पर किए जाएंगे। स्लॉट बुकिंग के बाद भी लाभार्थी टीका लगाने नहीं आते हैं, तो ऐसी स्थिति में टीकाकरण केन्द्रों पर शेष वैक्सीन का उपयोग शाम 4 बजे के उपरांत ऑनसाईट बुकिंग के आधार पर किया जाए। इसकी संख्या 20 प्रतिशत से अधिक न हो। परिपत्र में यह भी निर्देश है कि जिला मुख्यालय पर एक से अधिक स्थलों पर टीकाकरण सत्र संचालित होने की स्थिति में कुछ सत्रों को सुविधानुसार टीकाकरण के लिए जिला टीकाकरण अधिकारी की अनुशंसा पर कलेक्टर द्वारा ऑनसाईट बुकिंग का निर्णय लिया जा सकता है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि जिले के ग्रामीण अंचलों में कोविड-19 वैक्सीनेशन 100 प्रतिशत ऑनसाईट बुकिंग के माध्यम से किया जायेगा। ऑनसाईट सत्र स्थलों पर टोकन सिस्टम की व्यवस्था की गई है,ख जिससे पहले आने वाले व्यक्ति का पहले वैक्सीनेशन किया जा सके। शासकीय टीकाकरण केन्द्रों पर कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी के परिवार के सदस्यों एवं आश्रित सदस्यों का टीकाकरण उसी केन्द्र में किया जा सकता है।

### 18 प्लस के 14 केन्द्रों पर वेक्सीनेशन

आज 28 मई को 18 से 44 आयु वर्ग लोगों के लिये 14 केन्द्रों पर वेक्सीनेशन किया जा रहा है। जिसमे पुरानी कचहरी परिसर, शासकीय प्राईमरी स्कूल टिकरिया लखेरा, रेल्वे स्कूल एनकेजे, सीएलपी स्कूल पाठक वार्ड, तिलक कॉलेज, ऑर्डनेन्स फैक्ट्री, सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ के टीकाकरण केन्द्र एक्सीलेन्स स्कूल, सीएचसी बड़वारा, सीएचसी बहोरीबंद, सीएचसी उमरियापान, पीएचसी कन्हवारा, सीएचसी रीठी, सीएचसी बरही में वेक्सीनेशन किया गया। इसी तरह शासकीय एवं निजी क्षेत्र की 9 स्वास्थ्य संस्थाओं में 45 प्लस वालों के लिए टीकाकरण किया गया, जिसमे पुरानी कचहरी परिसर, झूलेलाल सेवा मण्डल माधवनगर सीएचसी बड़वारा, सीएचसी बहोरीबंद, सीएससी उमरियापान, पीएचसी कन्हवारा, सीएचसी रीठी, सिविल हॉस्पिटल विजयराघवगढ़ और सीएचसी बरही में भी कोविड-19 का वेक्सीनेशन किया जा रहा है।

## रोशननगर में सूने मकान में आधा लाख की चोरी

**कटनी।** एनकेजे थाना अंतर्गत रोशननगर क्षेत्र में एक सूने मकान में धावा बोलकर अज्ञात बदमाश अंदर से सोने-चांदी के जेवरात सहित लगभग आधा लाख रूपए का सामान लेकर चंपत हो गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी है। सहायक उपनिरीक्षक दिनेश करोसिया से मिली जानकारी के मुताबिक रोशननगर क्षेत्र में रामजानकी मंदिर के पास रहने वाले पवन गुप्ता की पत्नी की तबियत खराब थी। उसका जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। अस्पताल में पत्नी की देखभाल करने के लिए पति पवन गुप्ता मकान में ताला लगाकर जिला चिकित्सालय गया हुआ था। इसी दौरान मौके का फायदा उठाते हुए अज्ञात बदमाशों ने पवन गुप्ता के सूने मकान में धावा बोला और अंदर से सोने-चांदी के जेवर, टीवी व मोबाइल फोन सहित लगभग आधा लाख रूपए कीमती सामान लेकर चंपत हो गए। अस्पताल से वापस लौटने पर पति को मकान में चोरी की जानकारी लगी। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**मकान में ताला लगाकर अस्पताल में पत्नी का उपचार करा रहा था पति**

## संक्रमण कम होते ही घटी सेम्पलिंग की रफ्तार

### पिछले दो दिनों से औसतन 600 लोगों की हो रही जांच

**कटनी।** जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार कम होने के साथ अब सेम्पलिंग भी कम हो गई है। तीन दिन पहले तक जहां जिले में एक हजार से ज्यादा लोगों की सेम्पलिंग होती थी तो वहीं दो दिन से यह आंकड़ा 600 के आसपास हो गया है। सेम्पलिंग कम होने के पीछे स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि अब कम ही लोग सेम्पलिंग कराने के लिए आ रहे हैं। शहर में अभी भी रेपिड एंटीजन टेस्ट और ग्रामीण क्षेत्रों में आरटीपीसीआर से कोरोना के संदिग्ध मरीजों की जांच की जा रही है। इसके अलावा गांव-गांव स्वास्थ्य विभाग की टीम भ्रमण करते हुए लोगों की सेम्पलिंग कर रही है। सेम्पलिंग कम होने के साथ ही आज लगातार दूसरे दिन जिले में संक्रमण की दर एक प्रतिशत के ऊपर रही। जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे में जिले में 610 लोगों की जांच में 7 नए पॉजीटिव केस मिले हैं। सभी पॉजीटिव केस रेपिड एंटीजन की जांच में सामने आए हैं। बताया जाता है कि 26 मई को रेपिड एंटीजन किट से की गई 406 सेम्पल की जांच में 7 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है जबकि 26 मई को को 204 लोगों के सेम्पल (आरटीपीसीआर) सुप्राटेक अहमदबाद की प्राईवेट लैब इंदौर भेजे गए थे, जिसमे से सभी की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। इस तरह जिले में आज संक्रमण की दर 1.14 प्रतिशत रही। इन 7 पॉजीटिव केस को मिलाकर जिले में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 9 हजार 340 हो गई है।



**आरटीपीसीआर की जांच में सभी की रिपोर्ट नेगेटिव, रेपिड एंटीजन में मिले 7 नए पॉजीटिव केस**

### 200 से नीचे आए एक्टिव केस

जिले में अब एक्टिव केस की संख्या 200 से नीचे हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक आज जिले में कुल 192 एक्टिव केस हैं। जिसमे 24 जिला चिकित्सालय, 14 निजी चिकित्सालय एवं 154 होम आईसोलेशन में उपचाररत हैं। एक्टिव केस की संख्या भी हर दिन नीचे आ रही है।

### 67 डिस्चार्ज, एक की मौत

स्वास्थ्य विभाग के हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक पिछले 24 घंटे में में जिले में 67 मरीजों ने कोरोना संक्रमण को मात दी है। इस तरह अब तक कुल 9 हजार 42 मरीज ठीक हो चुके हैं, जबकि एक मरीज की मौत दर्ज की गई है। जिले में मौतों का सरकारी आंकड़ा 106 तक पहुंच गया है। जिले में अब तक एक लाख 26 हजार 824 लोगों की जांच की गई है।

## पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज हत्या का मामला

### विषपान से हुई थी विवाहिता की मौत

**कटनी।** बाकल थाना अंतर्गत ग्राम बसेहड़ी में विषपान से हुई एक 23 वर्षीय विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है। गौरतलब है कि ग्राम बसेहड़ी निवासी 23 वर्षीय प्रभा पति पुष्पेन्द्र रैकवार ने गतदिवस विषपान कर लिया था। बाद में उसकी अस्पताल में उपचार दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया था। मामले की जांच स्लीमनाबाद एसडीओपी मोनिका तिवारी के द्वारा की गई। जांच में मिले तथ्यों व साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने पति पुष्पेन्द्र रैकवार सहित ससुराल पक्ष के हल्केराम रैकवार, जितेन्द्र रैकवार व मुन्नीबाई रैकवार के विरूद्ध धारा 304बी, 498ए, 34 तथा दहेज अधिनियम की धारा 3, 4 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



## स्कूलों में दोबारा शुरू होगी पढ़ाई

### स्कूल शिक्षा विभाग शुरू कर रहा तैयारी, 1 माह के अवकाश के बाद जून से कक्षाएं प्रारंभ करने की योजना

**कटनी।** कोरोना संक्रमण का असर कम होते ही स्कूलों में करीब एक माह के अवकाश के बाद एक बार फिर से जून से कक्षाएं प्रारंभ करने की योजना है। हालांकि यह क्लास रूम की व्यवस्था फिलहाल आनलाइन मोड पर ही संचालित होगी। वहीं दूसरी और शिक्षा अधिकारी ने भी बैठक लेकर प्राचार्यो से परीक्षा परिणामों एवं अन्य बिंदुओं पर चर्चा की। बताया जाता है सीबीएसई से जुड़े कई स्कूलों में जहां 10 जून के बाद से आनलाइन कक्षाएं संचालित करने का निर्णय लिया जा रहा है तो वहीं स्कूल शिक्षा विभाग भी दूरदर्शन और रेडियो का सहारा ले रहा है। इसके लिए मॉड्यूल तैयार किए जा रहे है जिसका संचालन शुरू हो सके। बताया जाता है फिलहाल नियमित कक्षाओं के संचालन शुरू करने की स्थिति में शासन स्कूल शिक्षा विभाग तैयार नहीं है। ऐसे में दूरदर्शन-रेडियो के माध्यम से कक्षाओं की शुरुआत की जाएगी। 15 जून से कक्षा नौवीं से बारहवीं के लिए शैक्षिक कार्यक्रम क्लास रूम का दूरदर्शन के माध्यम से प्रसारण शुरू किया जाएगा बताया जाता है इसके लिए पाठ्य सामग्री से संबंधित विषय वस्तु के वीडियो तैयार कराए जा रहे हैं। कक्षा नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री दूरदर्शन के माध्यम से सप्ताह में 5 दिन दी जाएगी। प्रत्येक कक्षा के लिए एक-एक घंटे का प्रसारण किया जाएगा। 15 जून से सुबह 8 बजे से 12 बजे तक का स्लॉट कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के छात्र छात्राओं के लिए शैक्षिक कार्यक्रम क्लास रूम के प्रसारण हेतु दूरदर्शन केंद्र भोपाल के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। छोटी कक्षाओं के लिए भी रेडियो और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से पढ़ाई कराई जाएगी।


**श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**

आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)

फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333

प्रतिदिन उपलब्ध — **डॉ. बलदेव सिंह** — MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन, पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल, हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ

प्रतिदिन उपलब्ध — **डॉ. गगन सोनी** — BDS डेंटल सर्जन, कटनी के सुप्रसिद्ध दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

डॉ. अनुराग खरे — D.ORTHO, DNB, कटनी के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ

डॉ. कनिका अग्रवाल — MBBS., DDV, पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई, त्वचा एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ, मंगलवार, गुरुवार, शनिवार को उपलब्ध

डॉ. जाकिर हुसैन — MBBS. MD. DM., मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ, महिने के पहले रविवार को उपलब्ध

डॉ. अनिमेश गुप्ता — MBBS. MD. DM., हृदय रोग विशेषज्ञ, महिने के चौथे शनिवार को उपलब्ध

24/7 दवाईयाँ, एम्बुलेंस, कैंटीन, पार्किंग

उपलब्ध विभाग: मेडीसिन विभाग, हृदय रोग विभाग, स्त्री एवं प्रसूति विभाग, दंत रोग विभाग, हड्डी रोग विभाग, त्वचा एवं सौंदर्य विभाग, शिशु रोग विभाग, मस्तिष्क रोग विभाग, ट्रामा विभाग, कैंसर विभाग, फिजियोथेरेपी विभाग, प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी

हेल्पलाईन नं.8982275111

उपलब्ध सुविधायें: नार्मल डिलेवरी, सीजेरियन डिलेवरी, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, आई.सी.यू. वार्ड, सेमी. प्रायवेट वार्ड, जनरल वार्ड, मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, हेयर ट्रांसप्लांट

सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध — भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था


### त्रयोदशी संस्कार



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे ज्येष्ठ पुत्र

**पवन चौरसिया (गुड्डा)**

का स्वर्गवास दिनांक 16/05/2021 दिन रविवार को हो गया है। उनकी आत्मिक शांति हेतु त्रयोदशी संस्कार दिनांक 29/05/2021 दिन शनिवार को निज निवास पुरानी बस्ती में रखा गया है।

**निवेदन :** कोविड प्रोटोकॉल के कारण आप सभी पुण्य आत्मा की शांति हेतु घर से ही प्रार्थना एवं श्रद्धांजलि अर्पित करें।

**शोकाकुल परिवार**

श्री धर्मदास चौरसिया, श्री लक्ष्मी नारायण चौरसिया, श्री विष्णु चौरसिया एवं समस्त शोकाकुल चौरसिया परिवार, कटनी।










स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)